संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -22 गुरुवार ,23 नवम्बर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये


# 1 दिसंबर से बदल जाएंगे सिम कार्ड के नियम

» जान लें नहीं तो जाएंगे जेल !

» दूरसंचार विभाग ने सिम कार्ड खरीदने और बेचने के नियमों में किया बदलाव

**नई दिल्ली,22 नवम्बर 2023 (ए)।** दूरसंचार विभाग ने सिम कार्ड खरीदने और बेचने के नियमों में बदलाव किया है। ऐसे में सिम खरीदने वालों को नए नियमों के बारे में पता होना चाहिए। अन्यथा, नियमों का उल्लंघन करने पर आपको जुर्माने के साथ-साथ जेल भी जाना पड़ सकता है।

इस बीच केंद्र सरकार ने फर्जी सिम कार्ड से होने वाले फ्रॉड को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने का फैसला किया है। ऐसे में दूरसंचार विभाग ने नए सिम कार्ड नियम जारी किए हैं।



नियम 1 अक्टूबर 2023 से लागू होने थे, लेकिन सरकार ने 2 महीने का अतिरिक्त समय दिया था। ऐसे में ये नए नियम अब 1 दिसंबर 2023 से लागू हो रहे हैं।

### केवाईसी अनिवार्य

नए नियमों के मुताबिक, सिम कार्ड विक्रेताओं को सिम कार्ड खरीदने वाले व्यक्ति की उचित केवाईसी करनी होगी। सरकार ने सिम कार्ड खरीदने वालों और बेचने वालों पर एक ही समय में कई सिम खरीदने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसका मतलब है कि ग्राहक एक ही समय में ग्राहकों को कई सिम कार्ड नहीं दे सकते हैं। एक आईडी पर सीमित संख्या में सिम कार्ड जारी किए जाएंगे।

### कारावास और जुर्माने का प्रावधान

नियमों के मुताबिक सभी सिम विक्रेताओं यानी प्वाइंट ऑफ सेल को 30 नवंबर तक रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। इन सभी नियमों का उल्लंघन करने पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लग सकता है। साथ ही आपको जेल भी जाना पड़ सकता है।

### धोखाधड़ी से बचें

इस बीच, सिम कार्ड विक्रेताओं द्वारा उचित सत्यापन और जांच के बिना नए सिम कार्ड जारी करने की कई रिपोर्टें आईं, जिससे धोखाधड़ी हुई। सरकार ने साफ कर दिया है कि अगर ऐसे में कोई फर्जी सिम कार्ड बेचता पकड़ा गया तो उसे 3 साल के लिए जेल जाना होगा। साथ ही उसका लाइसेंस ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। वर्तमान में भारत में लगभग 1 मिलियन सिम कार्ड विक्रेता हैं। इनमें से अधिकांश कंपनियों और अन्य संगठनों को थोक में सिम कार्ड जारी करते हैं।



## करोड़ों का चरस देश के बाहर भेजने से पहले पकड़ाया

**महराजगंज,22 नवम्बर 2023 (ए)।** 50 करोड़ रुपए की चरस के साथ तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी लग्जरी कार से चरस की खेप को नेपाल राष्ट्र भेजने के फिराक में थे. लग्जरी कार 88.50 किलो चरस बरामद हुई है। कोल्हुई पुलिस मुखबिर की सूचना पर बुधवार को घेराबंदी कर पुलिस ने कार में चरस के साथ तीन आरोपियों गिरफ्तार कर लिया है। कोल्हुई थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश ने बताया की मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग एक लग्जरी कार से भारी मात्रा में चरस की खेप को नेपाल भेजने के फिराक में है।इसकी सूचना के बाद पुलिस टीम के साथ कोल्हुई चौराहे पर घेराबंदी कर वाहनों की तलाश की जा रही थी. इसी बीच एक लग्जरी कार दिखाई दी, जिसे संदिग्ध होने पर पुलिस टीम की ओर से तेज रफ्तार कार को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम को देख कार सवार भागने लगे जिन्हें कुछ दूर दौड़ाने के बाद पकड़ लिया गया. कार की सघन तलाशी लेने पर कार से 88.50 किलो चरस बरामद हुआ. वहीं मौके से कार सवार तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

## पीएम मोदी ने किया बड़ा ऐलान, करोड़ों किसानों को होगा फायदा !

### किसान सम्मान निधि योजना की राशि बढ़ाने का किया बड़ा ऐलान

**जयपुर,22 नवम्बर 2023 (ए)।** केन्द्रसर सरकार ने किसानों के सशक्तिकरण के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें सबसे



प्रमुख है पीएम किसान सम्मान निधि योजना। इस योजना के तहत किसानों को हर साल तीन किस्तों में 2,000 रुपये का भुगतान किया जाता है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने झारखंड दौरे के दौरान इस योजना की तीसरी किस्त जारी की।राजस्थान में प्रधानमंत्री मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए किसान सम्मान निधि योजना की राशि बढ़ाने का बड़ा ऐलान किया है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजस्थान में बीजेपी सरकार आने पर किसान योजना के लाभार्थियों को सालाना 12,000 रुपये दिए जाएंगे।

### पतंजलि को सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी के बाद रामदेव ने कहा

# मरीजों को चीफ जस्टिस के सामने परेड कराने को तैयार

**नई दिल्ली,22 नवम्बर 2023 (ए)।** योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि हमारे पास ज्ञान-विज्ञान की दौलत है, लेकिन भीड़ के आधार पर सच और झूठ का फैसला नहीं हो सकता. उन्होंने कहा कि मेडिकल माफिया झूठा प्रचार करते हैं, पतंजलि कभी झूठा प्रचार नहीं करता. बल्कि पतंजलि ने तो स्वदेशी आंदोलन को बढ़ावा दिया. जो झूठ फैलाया जा रहा है, उसका पर्दाफाश होना चाहिए. बीमारियों को नाम पर लोगों को डराया जा रहा है.

रामदेव ने कहा कि मैं कभी कोर्ट के सामने पेश नहीं हुआ. लेकिन खुद सुप्रीम कोर्ट के सामने पेश होने के तैयार हूं. मैं अनुमित मांगूंगा कि मुझे पूरे रिसर्च के साथ पेश होने की अनुमति दी जाए. हमें अवसर दिया जाए कि हम अपने मरीज और रिसर्च को प्रस्तुत कर सकें. साथ ही 1940 में जो ड्रग एंड मैजिक



रेमेडी एक्ट बना था. उसकी खामियों को उजाकर कर सकें।

उन्होंने कहा कि लोगों से कहा जा रहा है कि एक बार बीमार पड़ गए तो जीवन भर दवा खानी पड़ेगी, हम करते हैं कि दवा छोड़ दो, आप नेचुरल लाइफ जी सकते हो. उन्होंने कहा कि हम सैकड़ों रोगियों की सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस के सामने परेड कराने को तैयार हैं. सारे रिसर्च देने को तैयार हैं.।

योग गुरु ने कहा कि हमारे पास सैकड़ों साइंटिस्ट हैं, हमने सैकड़ों रिसर्च प्रोटोकॉल फॉलो करके हमने रिसर्च पेपर इंटरनेशनल जर्नल में प्रकाशित किए हैं. उसके बाद हम दावा कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि सच और झूठ का फैसला पूरे देश के सामने होना चाहिए. एलोपैथी वालों की संख्या भारी है. उनके पास लाखों करोड़ का साम्राज्य है. तो ऐसे सच और झूठ का फैसला नहीं होगा. उनके पास हॉस्पिटल ज्यादा है, डॉक्टर्स ज्यादा हैं, तो उनकी आवाज ज्यादा सुनी जाती है तो हम कम पैसे वालों की आवाज नहीं सुनी जाएगी.

रामदेव ने कहा कि हम दरिद्र नहीं हैं, हमारे पास ऋषियों की ज्ञान की विरासत है. लेकिन हमारी संख्या कम है. हम अकेले इंस्टीट्यूशन भी पूरी दुनिया के ड्रग माफियाओं से अकेले लड़ने को तैयार हैं. स्वामी रामदेव कभी डरा और हारा नहीं. हम ये लड़ाई अंतिम निर्णय तक लड़ेंगे. साथ ही कहा कि सुप्रीम कोर्ट का हमेशा सम्मान रहेगा।

## रिश्वत लेते पकड़ाया पीडब्ल्यूडी इंजीनियर

» कहा-सर,मुझे छोड़ दीजिए,

» मैं आपके पैर पड़ता हूं

» गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस के पैरों पर गिर गया इंजीनियर

**ग्वालियर,22 नवम्बर 2023 (ए)।** मध्य प्रदेश पुलिस ने ग्वालियर में पीडब्ल्यूडी इंजीनियर पीके गुप्ता को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। रिश्वत लेते पकड़े गए आरोपी का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में इंजीनियर गुहार लगाता नजर आ रहा है। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह पुलिस के पैरों में गिर गया। उन्होंने उच्च रक्तचाप और दिल का दौरा पडने् का भी नाटक किया।

ठेकेदार महेंद्र सिंह ने भिंड जिले में कलेक्टर के बंगले पर 3 लाख रुपये का बिजली फिटिंग का काम किया था और बाद में बिल पास करने के लिए पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता पंकज कुमार



गुप्ता से संपर्क किया। लेकिन बिल पास करने के एवज में गुप्ता ने 75 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। ठेकेदार ने किसी तरह 55 हजार रुपये का भुगतान कर दिया। लेकिन उसके बाद भी इंजीनियर की पैसों की चाहत कम नहीं हुई।

रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़े जाने पर पीडब्ल्यूडी इंजीनियर पीके गुप्ता ने ब्लड प्रेशर और हार्ट अटैक होने का नाटक किया। लेकिन अधिकारियों ने उन्हें नहीं छोड़ा। एक डॉक्टर और एम्बुलेंस को भी मौके पर बुलाया। डॉक्टर ने भी इंजीनियर की जांच की और कहा कि कोई दिक्कत नहीं है। इस पूरी कार्रवाई के दौरान आरोपी इंजीनियर खुद को बचाने की गुहार लगाता रहा। उन्होंने खुद को निर्दोष बताया और अधिकारियों के पैर छूने लगा।

महेंद्र सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 70 हजार रुपये तय हुए थे। इसके मुताबिक उन्होंने इंजीनियर को 55 हजार रुपये का भुगतान किया है। इसके बाद पीके गुप्ता 15 हजार रुपये की और मांग करने लगे। पीड़ित ठेकेदार ने इसकी शिकायत ग्वालियर लोकायुक्त से की। इस लेनदेन को लेकर हुई बातचीत भी रिकार्ड कर ली। इसके बाद इंजीनियर को पकड़ लिया गया है।

## आतंकियों से लिंक रखने वाले 4 सरकारी कर्मचारियों पर गिरी गाज,प्रशासन ने किया बर्खास्त

**श्रीनगर,22 नवम्बर 2023 (ए)।** जम्मू-कश्मीर में में आतंकियों के खिलाफ लगातार ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस बीच आतंकियों से संबंध रखने के चलते 4 सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने भारत के संविधान की धारा 311 (2) (सी) का इस्तेमाल करते हुए 4 कर्मचारियों को बर्खास्त किया है। इसमें एक प्रयोगशाला सहायक, एसएमएचएस अस्पताल में मेडिसिन के एक सहायक प्रोफेसर, एक पुलिस कांस्टेबल और एक शिक्षक शामिल है।



बर्खास्त किए गए लोग राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल थे। ये कार्रवाई आतंकियों के मौजूदा तंत्र के किले को ढहाने के लिए यूटी प्रशासन द्वारा की गई है। बर्खास्त किए गए लोगों की पहचान श्रीनगर के एसएमएचएस अस्पताल में सहायक प्रोफेसर (मेडिसिन) निसार-उल-हसन, कांस्टेबल अब्दुल मजीद भट, उच्च शिक्षा विभाग में प्रयोगशाला कर्मी अब्दुल सलाम राठेर और शिक्षा विभाग में शिक्षक फारुख अहमद मीर के रूप में हुई है। ये लोग कथित तौर पर पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों की मदद कर रहे थे, आतंकवादियों की विचारधारा का प्रचार कर रहे थे, धन जुटा रहे थे और अलगाववादी एजेंडे को आगे बढ़ा रहे थे।

# एडिशनल एसपी के बेटे की मौत

» सपा नेता का बेटा अरेस्ट

» पता था कि बच्चा नहीं बचेगा इसलिए नहीं रोकी कार

**लखनऊ,22 नवम्बर 2023 (ए)।** लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार में मंगलवार सुबह एसयूवी से मासूम को रौंदने की घटना ने जी-20 मार्ग पर सुरक्षा में अनदेखी उजागर कर दी है। इस पूरे मार्ग पर एक भी सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है, जबकि इससे पुलिस मुख्यालय में तैनात बड़े अफसरों के अलावा वीआईपी अधिकारियों की आवाजाही रहती है।

मार्ग से जनेश्वर पार्क की तरफ पुल से उतरते वक्त सड़क के एक ओर स्थित मैगी प्वॉइंट पर लगे सीसीटीवी कैमरे से पहला सुराग लगा। डीसीपी पूर्वी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि इस कैमरे में एसयूवी दिखी, पर उसका नंबर नहीं नजर आया। फिर इस रूट के करीब 40 कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिससे एसयूवी ट्रेस हो गई। गाड़ी नंबर मिलते ही आरोपी के घर तक पुलिस पहुंच गई। करीब दो महीने पहले शहीद पथ पर हुए हादसे में एमबीए के छात्र की मौत हो गई थी।



### व्यस्त मार्ग पर स्केटिंग का अभ्यास

स्केटिंग के कई क्लब हैं। नामिश टीम अवध में सीखता था। ये सभी रोजाना जनेश्वर मिश्र पार्क परिसर में गेट नंबर-6 के पास अभ्यास करते हैं। इसकी आधिकारिक अनुमति नहीं होती है। इसके अलावा यहां सुरक्षा व्यवस्था भी नहीं रहती है। सप्ताह में एक-दो बार ये सभी रोड साइड अभ्यास करने जाते हैं। तब अधिकतर मरीन ड्राइव पर स्केटिंग करते हैं।

### भागने की तैयारी में थे आरोपी

पुलिस ने जब दोनों आरोपियों को उठाया तो पता चला कि उन्होंने परिवारवालों को पूरी घटना बता दी थी। वे सभी उन्हें भगाने के प्रयास में लग गए। पुलिस लेट होती तो इनका मिलना मुश्किल हो जाता। आरोपी अपने मोबाइल भी बंद कर चुके थे।

मंगलवार सुबह रईसजादों की तेज रफ्तार एसयूवी ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) में तैनात एडिशनल एसपी के इकलौते बेटे को टक्कर मार दी। मां के सामने ही स्केटिंग कर रहे मासूम की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक एसयूवी लेकर भाग निकला।

### श्वेता सड़क के दूसरी तरफ थीं

सुबह साढ़े पांच बजे श्वेता उसे जनेवश्वर पार्क में स्केटिंग का अभ्यास करवाने लाईं। कोच के साथ नामिश व उसका एक साथी जी-20 मार्ग पर स्केटिंग कर रहे थे। श्वेता सड़क के दूसरी तरफ थीं। इसी दौरान शहीद पथ की ओर से आई तेज रफ्तार महिंद्रा एक्सयूवी 700 ने नामिश को जोरदार टक्कर मार दी। चालक ब्रेक लगाने के बजाय एसयूवी और तेज भगा ले गया। खून से लथपथ नामिश को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। श्वेता के पति अभिनय श्रीवास्तव गुड़गांव के निजी बैंक में अफसर हैं। हादसे की जानकारी पर डीजीपी विजय कुमार, स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार समेत आलाधिकारियों ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर सांत्वना दी।

### 15 फीट उछला फिर बोनट पर गिरा

टक्कर इतनी जोरदार थी कि नामिश करीब 15 फीट उछला और फिर एसयूवी के बोनट पर बायीं तरफ गिरा। फिर भी चालक ने एसयूवी नहीं रोकी। समतामूलक चौराहा, पॉलीटेक्निक होते हुए घर पहुंचकर उसने एसयूवी खड़ी कर दी। इसकी बायीं ओर की हेडलाइट टूट गई और बोनट धंस गया। हादसा पलक झपकते हुआ। श्वेता व अन्य लोग चंद सेकंड के लिए सन्न रह गए। उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा था कि कुछ पल पहले खुशी से स्केटिंग कर रहा मासूम अब नहीं रहा। हादसे का मंजर देख हर किसी की रूह कांप गई।

### पता था कि बच्चा नहीं बचेगा :आरोपी

पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो दोनों आरोपी बोले कि जिस तरह से टक्कर लगी थी उससे उन्हें पता था कि बच्चा बचेगा नहीं। इसी कारण गाड़ी नहीं रोकी। घटनास्थल से भागने के बाद सुषमा अस्पताल के पास एसयूवी रोककर उसका मुआयना किया। कुछ देर बाद सोशल मीडिया पर हादसे की खबर चली तो पता चला कि जिस बच्चे को टक्कर मारी है वह पुलिस अधिकारी का बेटा है, इसलिए दोनों बचने की फिराक में जुट गए।

फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। अभी उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या के लिए सजा) और 279 (सार्वजनिक रास्ते पर लापरवाही से गाड़ी चलाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## बचाव दल को मिली बड़ी सफलता

**उत्तरकाशी,22 नवम्बर 2023 (ए)।** उत्तरकाशी के सिलक्यारा से बहुत बड़ा अपडेट सामने आया है। सिलक्यारा में टनल में फंसे 41 लोगों को सकुशल बाहर निकालने के लिए चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन में बचाव दल को बहुत बड़ी सफलता हाथ लगी है। रेस्क्यू ऑपरेशन के 11वें दिन बुधवार शाम को पाइप आर-पार होने के करीब पहुंच गई है।सुरंग के मलबे से 800 एमएम के पाइप को सफलतापूर्वक आर-पार कर लिया जाएगा। सीएम पुष्कर सिंह धामी भी सिलक्यारा के लिए उड़ान भर चुके हैं।



### स्वास्थ्य कर्मचारियों के अवकाश रद्द

सिलक्यारा सुरंग हादसे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने उत्तरकाशी में अफसर, कर्मचारियों के अवकाश पर रोक लगा दी है। डीजी हेल्थ डा. विनिता शाह ने सीएचसी चिन्यालीसौड़ के निरीक्षण के दौरान यह बताया।

## मुख्यमंत्री के गृहनगर में इंसानियत हुआ शर्मसार

### 300 रुपए के लिए नाबालिग को नग्न कर घुमाया; फिर बेल्ट से की पिटाई

**ठाणे,22 नवम्बर 2023 (ए)।** एक दिल दहला देने वाली घटना में, 300 रुपये का कर्ज नहीं चुकाने और उस पर कथित तौर पर आरोप लगाने पर दो व्यक्तियों ने 17 वर्षीय एक लड़के को नग्न कर दिया, उसे सड़क पर घुमाया और बेल्ट से हमला किया। यह घटना मंगलवार दोपहर ठाणे के कलवा उपनगर में जामा मस्जिद के पास सार्वजनिक रूप से हुई, जो मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का गृहनगर है।

तौसीफ खानबंदे और सामिल खानबंदे नाम के दो व्यक्ति पास के अन्नपूर्णा बिल्डिंग में नाबालिग लड़के के घर में घुस गए। दोनों ने नाबालिग पर ब्लूटूथ डिवाइस की 'चोरी' का आरोप लगाया और यह भी मांग की कि वह उनसे लिया गया 300 रुपये का ऋण वापस करे। लड़के ने आरोपों से इनकार किया और ऋण देने से भी इनकार कर दिया, लेकिन वे अड़े रहे और उसे पास की मस्जिद की ओर अपने साथ चलने के लिए मजबूर किया।वहां, खानबंदे की जोड़ी ने लड़के को थप्पड़ मारा, उसके पैरों पर



लात मारी, तौसीफ ने लड़के के पतलून से बेल्ट निकाला और मदद के लिए चिल्लाने पर लड़के की पीठ पर कोड़े मारना शुरू कर दिया, जबकि सामिल ने पीछे से घटना का वीडियो बनाया।इसके बाद दोनों ने लड़के को पकड़ लिया और सार्वजनिक स्थान पर उसे पूरी तरह से नग्न कर दिया और जब वे उस पर हमला करते रहे, तो नाबालिग मौके से भागने में कामयाब रहा। बाद में, लड़के ने शिकायत दर्ज कराने के लिए कलवा पुलिस स्टेशन का दरवाजा खटखटाया, लेकिन पुलिस ने मामले में केवल एक सामान्य एनसी (गैर-संज्ञेय) अपराध दर्ज किया। मंगलवार देर रात घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. बीनू वर्गीज का ध्यान इस ओर गया।कड़ी नाराजगी जताते हुए, उन्होंने वीडियो को ठाणे पुलिस के शीर्ष अधिकारियों को भेज दिया और अंततः पुलिस उपायुक्त (जोन- I) गणेश एन. गावड़े ने निर्देश दिया कि मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए। वर्गीज ने कहा, आज तड़के, कलवा पुलिस हरकत में आई और किशोर लड़के की शिकायत के आधार पर पॉक्सो और भारतीय दंड संहिता की कड़ी धाराएं लगाते हुए एफआईआर दर्ज की और जांच जारी है।

## महिला को तालिबानी सजा

### जूते पर थूककर चटवाया; 20 जूते मारे और उठक-बैठक कराया

**रांची,22 नवम्बर 2023 (ए)।** झारखंड के गढ़वा में एक महिला को भरी पंचायत में 20 जूते मारे गए, उसे जूते पर थूक कर चाटने को मजबूर किया गया, कान पकड़कर सौ दफा उठक-बैठक कराया गया, उस पर 56 हजार रुपए का आर्थिक दंड लगाया और इसके बाद उसके सामाजिक बहिष्कार का फैसला सुनाया गया। घटना तीन महीने पुरानी है, लेकिन इसकी शिकायत अब दर्ज कराई गई है। महिला का कहना है कि इस घटना अगले ही दिन उसने मेराल थाने में आवेदन दिया था, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की गई। अब उसने ऑनलाइन कंप्लेन दर्ज कराया है। वाकया गढ़वा जिले के मेराल थाना अंतर्गत तिसरटेटुका गांव का है। पीड़िता मुस्लिम समाज की है। पंचायत इसी समाज के लोगों ने बिठाई थी। महिला का कहना है



कि उसे चरित्रहीन और डायन करार देकर यह जुल्म किया गया।

उसने अपनी शिकायत में कहा है कि बीते 15 अगस्त की रात लगभग 12 बजे पंचायत बिठाई गई। गांव के जब्बार अंसारी, मुजाहिद अंसारी, इलियास अंसारी, साकिर अंसारी, मोकिर अंसारी, असगर अली, इमामुद्दीन अंसारी और इरशाद अंसारी उसके घर पहुंचे और उसे एवं उसके पति को पंचायत में ले गए। यहां सार्वजनिक तौर पर महिला पर गांव के एक युवक से नाजायज संबंध के आरोप लगाए गए। उस पर डायन होने का भी आरोप मढ़ा गया। महिला और उसके पति ने इन आरोपों से इनकार किया, लेकिन पंचायत में महिला को दंडित किया गया।

## संपादकीय

# सिकुड़ रही है सामाजिक सुरक्षाएं


जिस दौर में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सेवाओं का लगातार निजीकरण होता गया हो- यानी जब ये सेवाएं मुनाफा प्रेरित सेवाओं में तब्दील हो गई हों और परिवहन लगातार महंगा होता जा रहा हो, सामाजिक सुरक्षाओं का सिकुड़ना गंभीर चिंता का पहलू है।

भारत सरकार के पीरियॉडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) से सामने आया यह आंकड़ा चिंताजनक है कि देश की श्रमशक्ति में 2022-23 में सिर्फ 21 प्रतिशत ऐसे कर्मचारी थे, जिन्हें नियमित तनख्वाह मिलती हो। 2019-20 में यह संख्या 23 प्रतिशत थी। यानी तीन साल में स्थायी नौकरी वाले कर्मचारियों की संख्या दो प्रतिशत गिर गई। इस सर्वे से सामने आया चिंता का दूसरा पहलू यह है कि इन कर्मचारियों के बीच सिर्फ 46 प्रतिशत ऐसे हैं, जिन्हें सामाजिक सुरक्षाएं मिली हुई हैं। सामाजिक सुरक्षाओं से तात्पर्य पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, मातृत्व लाभ और ग्रैच्युटी है। 2018-19 में नियमित तनख्वाह वाले 49 प्रतिशत कर्मचारियों को ऐसी सुविधाएं मिली हुई थीं। ये आंकड़े देश की कैसी तस्वीर पेश करते हैं, इसे समझने के लिए हमें इनको बड़े संदर्भ में देखना चाहिए। भारत में श्रम शक्ति उम्र वर्ग (15 से 60 वर्ष) में तकरीबन 95 करोड़ लोग हैं। लेकिन श्रम शक्ति में (यानी वे लोग जिन्हें रोजगार मिला हुआ है या रोजगार की तलाश में हैं) इस उम्र वर्ग के 45-46 प्रतिशत लोग हैं।

यानी लगभग 45 करोड़। उनके बीच 21 प्रतिशत- यानी साढ़े आठ करोड़ लोगों को नियमित तनख्वाह वाला काम मिला हुआ है। उनके 46 प्रतिशत यानी तकरीबन साढ़े चार करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षाएं हासिल हैं। बाकी लोग या तो पारिवारिक सहायता (अगर परिवार सक्षम हो तो) निर्भर हैं, या फिर भगवान भरोसे हैं। जिस दौर में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सेवाओं का लगातार निजीकरण होता गया हो- यानी जब ये सेवाएं मुनाफा प्रेरित सेवाओं में तब्दील हो गई हों और परिवहन लगातार महंगा होता जा रहा हो, आम शख्स की माली हालत का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। ये उसी दौर की कहानी है, जब भारत दुनिया में, जैसाकि बताया जाता है, कथित तौर पर सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है और कुछ वर्षों के अंदर ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। ये उपलब्धियां अपनी जगह गर्व की बात हो सकती हैं। लेकिन यह मुद्दा लगातार प्रासंगिक है कि अगर ये सफलताएं आम जन की जिंदगी को अधिक सुरक्षित और संपन्न नहीं बनाती हैं, तो फिर इनका कितना महत्त्व रह जाएगा?

# नारी की महत्ता व अस्तित्व को अवगत कराता पर्व:एकादशी देवउठनी

हमारे छत्तीसगढ़ में तीज-त्यौहारों का बहुत महत्व है। यहाँ अनेक प्रकार के तीज-त्यौहार मनाये जाते हैं। कार्तिक मास में



प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

दीपावली के बाद देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया जाता है, जिसे छोटी दीपावली भी कहते हैं। इस दिन माता तुलसी और श्रीहरि विष्णु जी का विवाह शुभ माना जाता है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष के एकादश को देवउठनी एकादशी मनायी जाती है। पौराणिक कथानुसार आषाढ़ शुक्ल पक्ष से कार्तिक शुक्ल पक्ष चार माह तक भगवान श्रीहरि विष्णु जी क्षीरसागर में शयन करते हैं। भगवान विष्णु के शयनकाल में कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष के दिन चार माह की निद्रा से जागृत होने के बाद देवउठनी एकादशी मनायी जाती है। भगवान विष्णु जी के साथ-साथ सभी देवताओं की भी पूजा की जाती है। इसी दिन से शुभ एवं मांगलिक कार्यों का प्रारंभ होता है। कहा जाता है कि वृंदा राक्षस कुल में जन्मी एक कन्या थी। राक्षस कुल में जन्म लेने की बाद भी वह भगवान विष्णु की परम भक्त थी। जब वह विवाह योग्य हुई तब उसका विवाह जालंधर नाम के राक्षस के साथ हुआ। वृंदा बड़ी ही पतिव्रता स्त्री थी। सदैव अपने पति की सेवा में लगी रहती थी। अपने पति जालंधर को हर समस्या से बचाती थी। वह भगवान की भक्ति कर के उनकी रक्षा करती थी।

एक बार भीषण देवासूर संग्राम हुआ। जालंधर एक बहुत बलशाली दानव था। जब देवताओं से युद्ध करने जालंधर जा रहा था, तभी वृंदा ने कहा - हे स्वामी मैं आपकी विजयी होने के लिए घोर तपस्या करूँगी। भगवान से प्रार्थना करूँगी कि जब तक आप विजय लौटकर नहीं आयेंगे, तब तक मैं तप में लीन रहूँगी। जालंधर युद्ध में चला गया। वृंदा अपने तप में लीन हो गयी। वृंदा के तप का प्रभाव देवताओं को दिखने लगा। युद्ध में देवताओं की हार होने लगी। तभी देवताओं ने श्री हरि विष्णु जी के पास जाकर प्रार्थना करने लगे- त्राहि माम...! त्राहि माम...! हे प्रभु ! हमारी रक्षा कीजिए। युद्ध में हम देवतागण हारने लगे हैं। यह वृंदा के तप का प्रभाव है। पर अब जैसे भी हो, वृंदा का तप भंग होना ही चाहिए। हमारी मदद कीजिए स्वामी। भगवान विष्णु बोले- वृंदा मेरी परम भक्त है। मैं उनके साथ छल नहीं कर सकता। देवतागण विनती करने लगे, तब विष्णु जी देवहित को ध्यान रख जालंधर का वेष धारण कर के वृंदा के द्वार पर पहुँचे। उन्हें देखकर वृंदा खुश हो गयी; और पूजा छोड़ दी। उसकी ईश्वर के प्रति एकाग्रता ध्वंस हुई। उसी समय वृंदा का संकल्प टूट गया; और जालंधर मारा गया। जालंधर का कटा हुआ सिर महल में गिरा। तभी वृंदा की दृष्टि जालंधर का वेश धारण किये श्रीहरि विष्णु जी पर पड़ी। उसने श्री हरि विष्णु जी को पहचान लिया। श्रीहरि का छल वृंदा समझ गयी। उसने श्री विष्णु जी को श्राप दे डाला। श्रीहरि विष्णु जी एक पत्थर बन गये। वृंदा अपने पति का सिर लेकर सती हो गयी। उसके राख से पौधा निकला। श्री विष्णु जी उस पौधे का नाम तुलसी रखा; और कहा कि मैं हमेशा तुलसी के साथ पत्थर रूप में रहूँगा। शालिग्राम के नाम से मुझे जाना जाएगा। तब से इन दोनों की एक साथ पूजा होती है।



कार्तिक माह में उनका विवाह हुआ था,तब से आज तक लोग इस दिन को तुलसी विवाहोत्सव के रूप में मनाते आ रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ रीति-रिवाज

हमारे छत्तीसगढ़ में विभिन्न रीति -रिवाज हैं । इस पर्व को अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग ढंग से मनाया जाता है। इस दिन गन्ना-पूजा का विशेष महत्व होता है। लोग अपने-अपने घरों में गन्ना की पूजा करते हैं। इसी दिन से गन्ना की पहली कटाई की जाती है। इसलिए इसकी पूजा होती है।

तुलसी विवाह के दिन महिलाएँ व्रत रखती हैं। सुबह से शाम तक पूजा-पाठ में लीन रहती हैं।

### पूजा सामग्री

चावल आटे का दीया, गन्ना, कलश, आम्रपत्र, घी, चंदन, गुलाल, कुमकुम, पीला अक्षत,पीला वस्त्र,अगरबत्ती, हल्दी, कपूर,धूप,सुपारी, दूबी, फूल-माला व श्रृंगार समान-साड़ी, लाल चुनरी, चूड़ी, बिंदी; साथ ही नारियल,लाल कांदा, कोचई, चना भाजी, बेर इत्यादि चढ़ाते हैं।

### पूजा की विधि

इस दिन पुरुष व महिलाएँ दोनों व्रत रखते हैं। इसे एकादशीव्रत के नाम से जाना जाता है। अपने व्रत को पूर्ण करने के लिए सबसे पहले तुलसी माँ को लाल चुनरी और साड़ी से सजाते हैं। चौकी में पीला वस्त्र बिछाते हैं। उस पर कान्हा जी को बिठाते हैं। उसके सामने कलश में चावल भर कर आम की पत्तियों से सजाते हैं। उसके ऊपर चावल आटे के घी का दीया रखते हैं। गोबर से गौरी-गणेश बनाते हैं। आजकल गोबर नहीं मिलने के कारण दो सुपारी में रुई को भिगाकर गौरी-गणेश बनाते हैं। गन्ने को मण्डप जैसा सजाकर उसकी पूजा करते हैं। साथ में क्षेत्रानुसार फल-फूल, कांदा, कोचई, नारियल फल आदि तथा भाजी,बेर अन्य सामग्री चढ़ाते हैं। घर-घर रंगोली बनायी जाती है। तुलसी में नारी-श्रृंगार का सामान रखते हैं। महिलाएँ सदा सुहागन रहने की मन्नतें माँगती हैं। घर के सभी सदस्य बारी-बारी से पूजा-अर्चना करते हैं। आरती गाते हैं। गन्ना की पूजा करते हैं। इन सब रस्मों के साथ तुलसी और विष्णु जी का विवाह सम्पन्न हुआ; माना जाता है। घर के सदस्य खुशी-खुशी बड़ों का आशीर्वाद लेते हैं। बच्चे आतिशबाजी करते हैं। सब प्रसाद ग्रहण करते हैं।

हमारे छत्तीसगढ़ में एक रिवाज है कि पूजा सम्पन्न होने के बाद एक-दूसरे के घर प्रसाद पहुँचाते हैं। इस तरह छोटी दीपावली पर्व की शुभकामनाएँ देते हैं। इससे लोगों में प्रेम, भ्रातृत्व, एकता जैसे मानवीय भावनाएँ पनपती हैं। कई क्षेत्रों में आज के दिन भी राऊत भाई गायों को सोहई बाँधते हैं। दोहा पारते हैं। फिर उन राऊत भाइयों को विदा करते हुए उन्हें सुपा भर धान व राशि भेंट करते हैं, जिसे ÷सुखधना÷ कहा जाता है।

### आग तापने की रस्म

हमारे गाँव-देहात के लोग भोजन ग्रहण करने के बाद एक जगह इकट्ठे होते हैं। घरों में पुरानी टुकनी या लकड़ी को जलाकर आग सेंकते हैं। उसके चारों तरफ परिक्रमा करते हैं। प्रार्थना करते हैं कि हमारे शरीर में किसी भी तरह की बीमारी प्रवेश न हो। हे अग्नि देव ! हमारी रक्षा करना। माना जाता है कि इसी दिन से ठंड की शुरूआत होती है। ठंड से बचने के लिए भी अग्निदेव से प्रार्थना करते हैं।

### सामाजिक सन्देश

यह एक श्रद्धा-भक्ति का त्यौहार है। पर आधुनिकता के चलते धीरे-धीरे ये रीति-रिवाज खत्म होती जा रही है। आजकल शहरों में तुलसीविवाह की रस्म गन्नापूजा तक ही सिमट कर रह गयी है। एक-दूसरे से मेल-मिलाप व प्रसाद-वितरण की रस्में खत्म होती जा रही है। हमें इन रस्म-रिवाजों को जीवित रखनी है; जिससे भावी पीढ़ी देवउठनी पर्व के रीति-रिवाजों से अनभिज्ञ न हो।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## ये फेरबदल का चक्र है


ये फेरबदल का चक्र है
ये अपना लोकतंत्र है,
साहसी तुम, प्रबल बनो
जाके अपना वोट करो!!
मद-मदिरा भूलकर
लोभ- लिप्सा त्यागकर,
सभ्य तुम, सफल बनो
जाके अपना वोट करो!!
हस्त-भुजा थामकर
विकास को सलाम कर,
सौम्य तुम, सारथी बनो
जाके अपना वोट करो!!
सारे काम त्यागकर
एक लक्ष्य साधकर,
अडिग तुम, अटल बनो
जाके अपना वोट करो!!



नीतू झारोटिया रुद्राक्षी
केकड़ी (अजमेर) राजस्थान

## बचपन के दिन

खुशियों के वे पल आ जाते।
बचपन के वे दिन मिल जाते।
रोना-धोना, खेल-खिलौना,
हंसते-गाते बढ़ते जाते।।
बारिश में सब नाव चलाते।
चाट पकौड़ी चटनी खाते।
नानी की परी कथा सुहानी,
सबके संग पिकनिक पे जाते।।
पापा घर पर जब आ जाते।
पास बिठा कर हमें पढ़ाते।
स्कूल से थक कर जब आते,
मम्मी को हम हर बात बताते।
मस्ती करते उधम मचाते।
गुडिया की शादी करवाते।
कितने अनमोल थे वो पल,
चाह कर अब मिल न पाते।।
खुशियों के वे पल आ जाते।
बचपन के वे दिन मिल जाते।
छोटे-छोटे पंखों से हम सब,
आसमान में उड़ना चाहते।।



आसिया फारूकी
फतेहपुर, उत्तरप्रदेश

## गीत

संघर्षों के घर्षण में भी,
मन- तुला को समतल रखना।
विजय पराजय दोनों में ही,
स्थिर अपना मनबल रखना।
जीवन केवल शीत नहीं है,
घोर ताप का सागर भी है।
हर क्षण सिर पर छाँव नहीं है,
लावा जैसी गागर भी है।।
चाहे कैसी भी ऋतु आए,
निज आशा का सम्बल रखना।।
विजय पराजय दोनों में ही,
स्थिर अपना मनबल रखना।
गगन बराबर दुख फैला है,
खुशियाँ बूँद सरीखी होतीं।
दर्द आँकलन करते- करते,
कोमल आँखें कितना रोतीं।।
चाहे बहती हो दुख-धारा,
अंतर सुख की कलकल रखना।
विजय पराजय दोनों में ही,
स्थिर अपना मनबल रखना।।
पात्र भरा है यह तुम समझो,
क्यों रोते हो कहकर खाली।
उस निशीथ की बेला में भी,
खोजो सदा भोर की लाली।।
चाहे कीचड़ पैर धँसे हों,
मन को अपने निर्मल रखना।
विजय पराजय दोनों में ही
स्थिर अपना मनबल रखना।।



प्रीति चौधरी मनोरमा
बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

## हो सके तो मुस्कुराहट बांटिये

बस यूं ही भाग रहे हैं
सब परछाइयों के पीछे,
अब सुकून की कोई आदत बांटिये,
हो सके तो मुस्कुराहट बांटिये।
दुखों से भरी है यह जिंदगी,
इस जिंदगी में
थोड़ा सा सुख बांटिये ,
हो सके तो मुस्कुराहट बांटिये।
जिंदगी यूं ही ना
बीत जाए गिले शिकवो में,
बेचैनियों को कुछ तो राहत बांटिये,
हो सके तो मुस्कुराहट बांटिये।
नीरज सी हो चली है जिंदगी,
थोड़ा सा इसमें शरारत बांटिये,
हो सके तो मुस्कुराहट बांटिये।
दूरियां बढ़ गई अपनों की बीच,
रिश्तों में कुछ सरसराहट बांटिये,
हो सके तो मुस्कुराहट बांटिये।



श्याम सुंदर साहू
,राजिम,
गरियाबंद छत्तीसगढ़

# मोदी की तरह राहुल का प्रचार

ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टीम में से किसी ने नरेंद्र मोदी के 2014 के लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान का बहुत बारीकी से अध्ययन किया है। क्योंकि इस बार पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी उसी तर्ज पर प्रचार कर रहे हैं, जिस तर्ज पर मोदी ने शुरू किया था। प्रधानमंत्री मोदी अब भी उस प्रचार अभियान के कुछ हिस्सों को दोहराते रहते हैं। हालांकि कुछ मुद्दे वे छोड़ चुके हैं। उन्होंने जो मुद्दे छोड़ दिए राहुल की टीम उन्हें भी भाषणों में या चुनावी नैरेटिव बनाने में इस्तेमाल कर रही है। इससे ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस ने 2014 में मोदी की ओर से किए गए वादों के असर का आकलन भी कराया है और अब भी उससे फायदा होने की उम्मीद कर रहे हैं।

इसके लिए राहुल गांधी ने तेलंगाना को प्रयोगशाला बनाया है। उन्होंने तेलंगाना विधानसभा चुनाव में दो ऐसी बातें कह रहे हैं, जो मोदी की प्रचार थीम से ली गई हैं। पहली बात यह है कि कांग्रेस की सरकार बनी तो केसीआर सरकार की लूट का पैसा लोगों को लौटाएगी और दूसरी बात यह कि राज्य के संसाधनों पर एक परिवार का कब्जा है। याद करें कैसे मोदी ने 2014 के चुनाव प्रचार में कहा था कि देश का लाखों करोड़ रुपए का काला धन लूट कर विदेश ले जाया गया है और अगर उनकी सरकार बनेगी तो विदेश में जमा काला धन वापस लाया जाएगा। उन्होंने इस बात को समझाने के लिए एक 'जुमला' बोला था, जिसमें कहा था कि विदेशों में इतना काला धन जमा है कि उसे अगर भारत वापस लाया गया तो हर भारतीय के खाते में 15-15 लाख रुपए आ जाएंगे। यह काले धन की विशालता के बारे में समझाने का एक तरीका था, जिसे विपक्षी पार्टियां आज तक उनके वादे के तौर पर दोहराती हैं और कहती हैं कि यह वादा मोदी ने पूरा नहीं किया है।



इसी तर्ज पर राहुल गांधी तेलंगाना में कह रहे हैं कि के चंद्रशेखर राव की सरकार ने 10 साल में एक लाख करोड़ रुपए लूटे हैं। हालांकि उनके इस आंकड़े का क्या आधार है यह किसी को पता नहीं है। लेकिन वे हर जगह इसका जिक्र कर रहे हैं। इसके बाद वे कह रहे हैं कि कांग्रेस की सरकार बनेगी तो जितना पैसा केसीआर ने लूटा है वह वसूला जाएगा और उसे जनता को दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा है कि केसीआर सरकार की लूट का सबसे ज्यादा असर महिलाओं पर हुआ है इसलिए कांग्रेस सरकार महिलाओं को पैसे लौटाएगी। उन्होंने एक बार में लाखों रुपए देने का वादा तो नहीं किया है लेकिन कहा है कि हर महीने महिलाओं को चार हजार रुपए मिलेंगे। इसमें ढाई हजार रुपए नकद मिलेंगे और उसके बाद रसोई गैस पर पांच सौ रुपए की सब्सिडी और मुफ्त की बस यात्रा के रूप में पैसे मिलेंगे।

इसी तरह नरेंद्र मोदी ने 2014 के प्रचार में नेहरू-गांधी परिवार पर हमला करते हुए यह नैरेटिव सेट किया था कि देश पर एक परिवार का कब्जा रहा है। बिल्कुल यही बात तेलंगाना में राहुल गांधी चंद्रशेखर राव के परिवार के लिए कह रहे हैं। उन्होंने अक्टूबर में अपना प्रचार अभियान शुरू करते ही कहा था कि तेलंगाना राज्य का पूरा कंट्रोल एक परिवार के हाथ में है और देश में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार इसी राज्य में है। गौरतलब है कि तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव मुख्यमंत्री हैं और उनके बेटे केटी रामाराव राज्य सरकार में मंत्री हैं। उनके भतीजे टी हरीश राव भी राज्य सरकार में मंत्री हैं और उनकी बेटी के कविता एमएलसी हैं। वे पहले सांसद थीं। लेकिन राहुल गांधी सिर्फ सरकार में या राजनीति में पद लेकर काम करने की ओर इशारा नहीं कर रहे हैं। उनका कहना है कि पूरा राज्य केसीआर का परिवार चला रहा है। नरेंद्र मोदी भी नेहरू-गांधी परिवार पर रिमोट कंट्रोल से मनमोहन सिंह की सरकार चलाने के आरोप लगाते रहे हैं।

दिलचस्प बात यह है कि राहुल गांधी तेलंगाना में जो बात कह रहे हैं वह बात मध्य प्रदेश में नहीं कह रहे हैं। मध्य प्रदेश में मतदान हो चुका है लेकिन प्रचार में राहुल ने कहीं यह नहीं बताया कि पिछले 18 साल में राज्य की भाजपा सरकार ने आम लोगों से कितना पैसा लूटा है और कांग्रेस की सरकार बनी तो वह पैसा वसूलेगी या नहीं? यह जरूर है कि राहुल गांधी से लेकर मल्लिकार्जुन खड़गे तक यह आरोप लगा रहे हैं कि राज्य में 50 फीसदी कमीशन की सरकार चल रही है। लेकिन यह नहीं कह जा रहा है कि लूटा हुआ पैसा वसूला जाएगा। सवाल है कि तेलंगाना फॉर्मूला मध्य प्रदेश में इस्तेमाल नहीं करने के पीछे क्या वजह है? क्या अभी राहुल गांधी भाजपा के साथ वैसा पंगा नहीं करना चाह रहे हैं, जैसा उन्होंने केसीआर के साथ किया है या उनको लग रहा है कि भाजपा के खिलाफ यह मुद्दा नहीं चल पाएगा या उनको लग रहा है कि यह तुरुप का पत्ता है और इसका इस्तेमाल लोकसभा चुनाव में किया जाएगा?

ऐसा लग रहा है कि राहुल गांधी इसे प्रयोग के तौर पर तेलंगाना में आजमा रहे हैं। वहां एक परिवार की पार्टी है और परिवार के अनेक सदस्य राजनीति में सक्रिय हैं और उनमें से कई लोगों का नाम किसी न किसी घोटाले में फंसा है। इसलिए भ्रष्टाचार के आरोप और पैसे की वसूली का नैरेटिव आसानी से चल सकता है। दूसरे एक परिवार के कब्जे का नैरेटिव राहुल ने जाति गणना के साथ जोड़ कर बनाया है। ध्यान रहे के चंद्रशेखर राव वेलम्मा जाति से आते हैं, जो राजाओं की जाति मानी जाती है। वे अगड़ी जाति के वैष्णव होते हैं। और राहुल पिछड़ी जाति की राजनीति का नैरेटिव सेट कर रहे हैं। ऐसे में एक परिवार का कब्जा हटाने का मतलब अगड़ा वर्चस्व खत्म करना भी है। इससे ओबीसी जातियों का समर्थन मिलने की उम्मीद है।

अगर तेलंगाना में यह मुद्दा सफल रहता है तो यह तय मानना चाहिए कि अगले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी पूरे देश में इसे बड़े पैमाने पर आजमाएंगे। वे कॉरपोरेट टैक्स में छूट और बैंकों की कर्ज माफी के आंकड़े निकाल कर उद्योगपतियों और कारोबारियों को लाखों करोड़ रुपए दिए जाने का मुद्दा बनाएंगे और कांग्रेस की सरकार बनने पर उस पैसे की वसूली का वादा भी कर सकते हैं। वे राज्यों के चुनाव प्रचार में कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 20-25 दोस्तों का 14 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया है। इसे लोकसभा चुनाव में मुद्दा बना कर वे अडानी समूह का नाम भी ले सकते हैं। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया में उनके नाम से ऐसी पोस्ट खूब वायरल हो रही है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि राहुल ने कहा है कि कांग्रेस की सरकार बनी तो अडानी से लूट का पैसा वसूला जाएगा। कहा जा सकता है कि एक स्तर पर राहुल गांधी को रॉबिनहुड बनाने का प्रयास किया जा रहा है। अमीरों से लूट का पैसा वसूल कर उसे गरीबों में बांटने वाले मसीहा की उनकी छवि बनाने की कोशिश की जा रही है। आने वाले दिनों में यह अभियान तेज होगा।

-अजीत द्विवेदी-

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# राजस्थान में कब बनेगा जाट मुख्यमंत्री

राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा प्रांत है। यहां करीबन 8 करोड़ की आबादी



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

निवास करती है। जिसमें से सबसे अधिक करीबन 13-14 प्रतिशत जाट समाज के लोग आते हैं। प्रदेश की राजनीति में जाटों का हमेशा दबदबा रहा है। सबसे अधिक संख्या में विधायक व सांसद भी जाट ही निर्वाचित होते हैं। मगर इतना सब होते हुए भी राजस्थान में आज तक किसी भी पार्टी से जाट समाज का व्यक्ति मुख्यमंत्री नहीं बन पाया है। जब-जब विधानसभा के चुनाव होते हैं तब जरूर जाट समाज के व्यक्ति को मुख्य मंत्री बनाने की बातें चलती है। मगर चुनाव होने के बाद जाट समाज का व्यक्ति मुख्यमंत्री नहीं बन पाता है।

राजस्थान में जाट समाज आजादी के समय से ही कांग्रेस का सबसे बड़ा समर्थक वोट बैंक रहा है। आज भी जाटों का झुकाव कांग्रेस की तरफ बना हुआ है। लेकिन मौजूदा विधानसभा चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल से ऐसा कोई जाट नेता नहीं है जो मुख्यमंत्री की रेस में शामिल हो सके। नागौर के सांसद हनुमान बेनीवाल ने पिछले विधानसभा चुनाव में जरूर अपनी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी बनाकर चुनाव लड़ा था और तीन विधानसभा सीटों पर जितने में सफल रहे थे। उस समय हनुमान बेनीवाल का दावा था कि राजस्थान में हासिये पर पहुंच गई जाट राजनीति को वह अपनी पार्टी के माध्यम से मुख्य धारा में लायेंगे।

2019 के लोकसभा चुनाव में हनुमान बेनीवाल ने भाजपा से गठबंधन कर नागौर से लोकसभा चुनाव लड़कर सांसद बन गए थे। इस बार हनुमान बेनीवाल ने उत्तर प्रदेश के चंद्रशेखर रावण की आजाद समाज पार्टी से गठबंधन कर विधानसभा चुनाव में उतरे हैं। लेकिन 200 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा करने वाले बेनीवाल की पार्टी महज 78 सीटों पर ही अपने प्रत्याशी उतर पाई है। खुद को जाट आइकॉन के रूप में पेश करने वाले हनुमान बेनीवाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित कई बड़े नेताओं के सामने प्रत्याशी नहीं उतार कर उन्हे वाक ओवर दे दिया है। वैसे भी हनुमान बेनीवाल के साथ अन्य जाति के मतदाता नहीं जुड़ पाए हैं।

राजस्थान में आजादी के बाद से ही कांग्रेस की सरकार बनती रही है। कांग्रेस की सरकारों में नाथूराम मिर्धा, चौधरी कुंभाराम आर्य, परसराम मदेरणा, कमला बेनीवाल, रामनिवास मिर्धा, रामदेव सिंह महरिया, दौलत राम सारण, सुमित्रा सिंह, रामनारायण चौधरी, शीशराम ओला, चौधरी नारायण सिंह, हेमाराम चौधरी, महादेव सिंह खंडेला, लालचंद कटारिया जैसे प्रभावशाली जाट नेता शामिल होते रहे थे। लेकिन इनमें से कोई भी नेता राजस्थान का मुख्यमंत्री नहीं बन पाया। 1973 में रामनिवास मिर्धा मुख्यमंत्री पद के चुनाव में हरदेव जोशी से महज एक वोट से हार गए थे। इसके साथ ही राजस्थान में जाट मुख्यमंत्री बनने से रह गया था।





1998 के विधानसभा चुनाव में परसराम मदेरणा को चेहरा बनाकर कांग्रेस ने चुनाव लड़ा था और भारी बहुमत प्राप्त किया था। लेकिन दिल्ली की राजनीति में परसराम मदेरणा पराजित हो गए और अशोक गहलोत को राजस्थान का मुख्यमंत्री बना दिया गया। 2008 के विधानसभा चुनाव में भी केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला अशोक गहलोत के सामने मुख्यमंत्री के दावेदार बने थे मगर अशोक गहलोत को ही मुख्यमंत्री बनाया गया। इस तरह जाट नेताओं को तीन बार कांग्रेस में मुख्यमंत्री बनने के अवसर मिले मगर तीनों ही बार वह असफल हो गए। वर्तमान समय में देखे तो आज राजस्थान की राजनीति में किसी भी जाट नेता का इतना बड़ा कद नहीं है जो मुख्यमंत्री पद की दावेदारी कर सके। प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा तीसरी बार के विधायक है। लेकिन मंत्रिमंडल में उनको भी शिक्षा राज्य मंत्री ही बनाया गया था। हालांकि भाजपा ने भी अब जाटों पर अपनी पकड़ बनाने शुरू कर दी है। इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 30 से अधिक जाट प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। विधानसभा चुनाव से पहले जाट समाज के डॉक्टर सतीश पूनिया को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष भी बनाया गया था। लेकिन भाजपा में जाट मुख्यमंत्री बनने की बात सोची भी नहीं जा सकती है। क्योंकि जाट समाज आज भी मूल रूप से कांग्रेस से ही जुड़ा हुआ है। इसलिए भाजपा की बजाय जाट समाज की कांग्रेस में अधिक मजबूत दावेदारी बनती है।

कभी केंद्र की राजनीति में बलराम जाखड, कुंवर नटवर सिंह मजबूत जाट नेता बन कर उभरे थे। इन्होंने बहुत से युवा जाट नेताओं को आगे भी बढ़ाया था। मगर यह लोग केंद्र की राजनीति तक ही सीमित होकर रह गए। इन्होंने कभी भी प्रदेश की राजनीति में मुख्यमंत्री बनने का प्रयास नहीं किया। कांग्रेस पार्टी अपने विधानसभा के चुनावी संकल्प पत्र में सरकार बनने पर जातिगत जनगणना करवाने की बात कह रही है। यदि प्रदेश में जातिगत जनगणना होती है तो बिहार की तरह राजस्थान में भी सबसे बड़ी आबादी जाटों की ही होगी। तब प्रदेश की राजनीति में जाटों की असली ताकत का अहसास होगा।

राजस्थान में 7 अप्रैल 1949 से लेकर अब तक 25 मुख्यमंत्री रह चुके हैं। जिनमें आठ बार ब्राह्मण, पांच बार बनिया, पांच बार राजपूत, एक बार मुस्लिम, एक बार खटीक, एक बार कायस्थ, तीन बार माली मुख्यमंत्री बने हैं। इस सूची में जाट समाज के एक भी व्यक्ति का नाम नहीं है। जाट समाज की नेता कमला बेनीवाल को जरूर एक बार उप मुख्यमंत्री बनाया गया था। राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर जरूर सरदार हरलाल सिंह, नाथूराम मिर्धा, रामनारायण चौधरी, परसराम मदेरणा, चौधरी नारायण सिंह, डॉक्टर चंद्रभान, गोविंद सिंह डोटासरा सहित कई जाट नेता रह चुके हैं। मगर मुख्यमंत्री का पद उनसे आज भी दूर ही है।

राजस्थान में कांग्रेस की पूरी राजनीति मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के इर्द-गिर्द घूमती है। अपने प्रभाव को बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने धीरे-धीरे एक-एक कर जाट नेताओं को किनारे लगा दिया। ताकि उनकी कुर्सी पर जाटों की दावेदारी नहीं हो सके। 1998 में जब गहलोत पहली बार मुख्यमंत्री बने थे उस समय परसराम मदेरणा, डॉ बलराम जाखड, कुंवर नटवर सिंह, शीशराम ओला, रामनिवास मिर्धा, चौधरी नारायण सिंह, हेमाराम चौधरी जैसे वरिष्ठ जाट नेता राजनीति में सक्रिय थे। मगर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने धीरे-धीरे सभी को किनारे कर दिया। इतना ही नहीं 1998 में मुख्यमंत्री बनने के बाद अशोक गहलोत ने कांग्रेस में वरिष्ठ नेता रहे नवल पंडित नवल किशोर शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया, शिवचरण माथुर, हीरालाल देवपुरा जैसे नेताओं को भी किनारे लगा दिया था।

आज राजस्थान की राजनीति में मजबूत नेता नहीं होने के कारण जाट मतदाता किसी एक पार्टी के साथ नहीं बंधे हुए हैं। सभी राजनीतिक दलों में जाट नेताओं को महत्व मिलने लगा है। प्रदेश में भाजपा के 24 लोकसभा सांसदों में से पांच जाट समाज के हैं। जिनमें से कैलाश चौधरी केंद्र सरकार में कृषि राज्य मंत्री के पद पर है। वही करीबन एक दर्जन से अधिक जाट समाज के विधायक भाजपा में भी है। राजस्थान में सबसे अधिक आबादी होने के बावजूद भी जाट समाज का मुख्यमंत्री नहीं बन पाया है इसके लिए स्वयं जाट समाज के नेता भी जिम्मेदार है। प्रदेश की राजनीति में जब भी जाट समाज के व्यक्ति का मुख्यमंत्री बनने के लिए अवसर आया उस समय जाट नेताओं ने ही उसकी टांग खींचाई कर दी। जिस कारण जाट समाज का व्यक्ति मुख्यमंत्री नहीं बन पाया। जब तक जाट समाज के सभी नेता एकजुट नहीं होंगें तब तक राजस्थान की राजनीति में उनकी ताकत महत्वहीन हीं बनी रहेगी।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# कार व बस में टक्कर,युवक की मौत,मां-पिता व बहन गंभीर

## सभी बिहार से छठ कर कार से वापस लौट रहे थे रायपुर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

उदयपुर थाना क्षेत्र के अलकापुरी मोड़ के पास मंगलवार की रात करीब 2 बजे कार व बस में भीड़ंत हो गई। दुर्घटना में कार में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि इसके माता-पिता व बहन गंभीर रूप से जख्मी हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं दूसरी ओर बस भी पलट गई। गंभीर रूप से घायल तीनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये सभी बिहार के बेतिया से छठ कर कार से वापस रायपुर लौट रहे थे।

अमित मिश्रा पत्नी व बच्चों के साथ रायपुर में रहते हैं। ये छठ के अवसर पूरे परिवार बिहार के बेतिया गए थे। छठ संपन्न होने के बाद मंगलवार को कार से सभी रायपुर वापस जा रहे थे। रास्ते में अंबिकापुर-बिलासपुर मार्ग पर स्थित उदयपुर थाना क्षेत्र के अलकापुरी मोड़ के पास रात करीब 2 बजे रायपुर से आ रही रॉयल बस से सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं बस भी पलट गई। दुर्घटना में कार में सवार अमित मिश्रा का बेटा 20 वर्षीय श्रेयांश मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 40 वर्षीय अमित मिश्रा, पत्नी 35 वर्षीय रागिनी



मिश्रा व बेटी 15 वर्षीय नैंसी मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर उदयपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए उदयपुर अस्पताल भिजवाया। यहां चिकित्सकों ने तीनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना का कारण कार व बस की गति काफी तेज होना बताई जा रही है। दुर्घटना इतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए वहीं दूसरी ओर बस पलट गई। कार में सवार श्रेयांश का शव वाहन में ही फंस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद शव हो बाहर निकाला गया। वहीं दुर्घटना में बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। कुछ यात्रियों को मामूली चोट आने पर अस्पताल भिजयाया गया था। जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

### कलेक्टर ने घायलों से की मुलाकात

दुर्घटना की सूचना पर कलेक्टर कुंदन कुमार ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। उन्होंने चिकित्सकीय टीम से उनकी स्वास्थ्य की जानकारी ली और हर संभव स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने निर्देशित किया। उन्होंने मौके पर मौजूद एसडीएम अम्बिकापुर को पीड़ितों के परिवार से लगातार संपर्क में रहने के निर्देश दिए। घायलों की स्थिति के बारे में अस्पताल अधीक्षक डॉर आरसी आर्या ने कलेक्टर को बताया कि अमित मिश्रा को वर्तमान में वेंटिलेटर पर रखा गया है। वहीं उनकी पत्नी रागिनी की कमर एवं हाथ की हड्डी टूटी है एवं बेटी नैंसी मिश्रा को लिवर में चोट होने के कारण बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है।

# आंवला वृक्ष की पूजा कर किया भंडारा का आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।



नगर के सरस्वती महाविद्यालय सुभाषनगर में कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी पर आंवला वृक्ष की पूजा करके इसके वृक्ष के नीचे खिचड़ी बनाकर भंडारा आयोजित किया गया। आंवला वृक्ष की पूजा सुख समृद्धि के लिए की जाती है। डॉ. बीपी तिवारी ने कहां की आंवला नवमी पर आंवला के वृक्ष की पूजा और इस वृक्ष के नीचे भोजन करने की प्रथा माता लक्ष्मी ने शुरू की। प्रचलित कथा के अनुसार एक बार माता लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करने आई। रास्ते में भगवान विष्णु और शिव की पूजा एक साथ करने की इच्छा हुई। कहा जाता है कि तुलसी और बेल के गुण एक साथ आंवला में पाए जाते हैं। तुलसी भगवान विष्णु को प्रिय है और बेल शिव को। आंवला के वृक्ष को विष्णु और शिव का प्रतीक चिन्ह मानकर मां लक्ष्मी ने आंवला के वृक्ष की पूजा की, तब से आंवला वृक्ष के नीचे भोजन करना शुभ माना जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक ऋषि सिंह, प्रवीण शर्मा, मलय दास, कृष्ण कुमार त्रिपाठी सहित समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# विश्व बालदिवस पर प्रा.शा. सरगवां के बच्चे बने फौजी व शिक्षक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

विश्व बाल दिवस के मौके पर प्राथमिक शाला सरगवां में बालसभा, गो ब्लू, किड्स टेक ओवर, खेलकूद एवं दौड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया। चिराग सोशल वेलफेयर सोसायटी के समीर कुमार पांडेय ने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में विश्व बाल दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के अधिकारों को संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सक्षम वातावरण बनाना शिक्षण संस्थानों, सिविल सोसायटी, स्वैच्छिक संगठन एवं शासन




की जि मेदारी है। प्रधान पाठक सरोज प्रभा टोप्पो ने बाल सभा के दौरान बच्चों के अधिकारों को विस्तार से बताया। किड्स टेक ओवर कार्यक्रम में छात्र अंशु कुमार ने फौजी की भूमिका निभाई और फौजी के कर्तव्यों पर प्रकाश डाला।

इन्दु ने शिक्षक की भूमिका निभाते हुए कहा कि एक शिक्षक अपने को सौभाग्यशाली तब मानता है जब उसके पढ़ाए हुए छात्र स य नागरिक बनकर देश एवं समाज की सेवा करते हैं। शिक्षिका निर्मला प्रजापति व स्वाति वर्मा के फैसलीटेशन में बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को आवश्यक समझते हुए कबड्डी, खो-खो, पिट्ठू, कुर्सी दौड़ कार्यक्रम कराया गया। आयोजन यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के राज्य प्रमुख जाब जाकारिया के मार्गदर्शन, बाल परितोष दास सोशल पालिसी स्पेशलिस्ट यूनिसेफ एवं मंगल पांडेय सरगुजा संभाग प्रभारी के निर्देशन में हुआ।

# लंबित प्रकरणों का करें यथाशीघ्र निराकरण : आईजी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।



आईजी अंकित गर्ग ने पुलिस राजपत्रित अधिकारियों व थाना-चौकी प्रभारियों की समीक्षा बैक ली। इस दौरान एसपी सुनील शर्मा भी मौजूद रहे। आईजी ने लंबित प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण कर प्रगति रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिए। जिन थानों व चौकियों में अत्यधिक लंबित प्रकरणों पर नाराजगी पर नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान आईजी ने एसपी को निर्देश देते हुए कहा कि अपने स्तर पर एक कमेटी बनाकर सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करें। आईटी एक्ट के प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई करने व लंबित प्रकरणों का यथाशीघ्र निकाल करने की बात कही गई। आईटी एक्ट एवं धोखाधड़ी के प्रकरणों में विस्तृत चर्चा करते हुए आईजी ने कहा कि ऐसे प्रकरणों में थाना प्रभारी स्वयं विशेष रुचि लेकर इसकी विवेचन करें यदि ऐसे प्रकरणों में कोई तकनीकी जानकारी की जरूरत पड़े तो रेंज साइबर पुलिस थाना से कॉर्डिनेट करते हुए कार्रवाई करें। साथ ही उन्होंने कहा कि आईटी एक्ट के लंबित प्रकरणों का रेंज साईबर पुलिस थाना से समन्वय स्थापित कर उक्त लंबित प्रकरणों का यथाशीघ्र हल करें। रेंज आईजी द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान पाए गए अत्यधिक लंबित प्रकरणों में कड़े रुख अपनाते हुए जिले के समस्त थाना-चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए कि मेरे द्वारा जब भी अगले समीक्षा मीटिंग ली जाएगी उक्त दौरान लंबित प्रकरणों का जीरो टॉलरेंस का टारगेट होना चाहिए। विधानसभा चुनाव शांतिपर्णू संपन्न कराने को लेकर पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की आईजी ने प्रसंशा की। उन्होंने कहा कि मतगणना में भी सख्त कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु निर्देश दिए। स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था हेतु कर्तव्यस्थ पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को सजग रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देश दिए। सम्बंधित थाना प्रभारियों को स्ट्रांग रूम के आस पास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु लगातार पेट्रोलिंग कर संदिग्ध व्यक्तियों पर निरंतर वैधानिक कार्रवाई करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए।

## मतगणना दिवस के लिए माइक्रो आब्जर्वर,गणना सुपरवाइजर एवं गणना सहायक को दिया जाएगा प्रशिक्षण

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 22 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मतगणना दिवस के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रिटर्निंग अधिकारियों की सहायता के प्रयोजन के लिए गणना सुपरवाइजर एवं गणना सहायक के रूप में प्रशिक्षण दिया जाना है।

गणना सुपरवाइजर और गणना सहायक के रूप में कार्य का प्रशिक्षण दिनांक 24 नवंबर 2023, समय 11 बजे प्रशिक्षण स्थल कार्यालय जिला पंचायत सभा कक्ष अम्बिकापुर में दिया जाना है। इसी तरह अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेक्षकों की सहायता के प्रायोजन के लिए माइक्रो आब्जर्वर के रूप में रूप में प्रशिक्षण दिया जाना है। यह प्रशिक्षण दिनांक 25.11.2023 को समय 11.00 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में कुल 65 माइक्रो आब्जर्वर, 65 गणना सुपरवाइजर, 65 गणना सहायक शामिल होंगे।

# ट्रांसफार्मर से युवक को लगा करंट,हालत नाजुक



- संवाददाता -
सूरजपुर, 22 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

सूरजपुर जिले के प्रतापपुर क्षेत्र में 35 वर्षीय युवक ट्रांसफार्मर पर चढ़ा। वह 11 केवी के तरंगित तार के संपर्क में आकर झुलस गया। करंट का जोरदार झटका लगने से वह नीचे गिर गया। गिरने के कारण भी उसे चोटें आई हैं।पूरा मामला प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम खोरमा के केनापारा का है। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह करीब 11 बजे एक युवक केनापारा के नर्सरी रोड के बगल में स्थित खेतों में यह शोर मचाते हुए ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया। इस दौरान खेतों में धान की कटाई कर रहे लोगों ने सोचा कि उक्त युवक शायद शराब के नशे में ऐसा कह रहा है, लेकिन अचानक वह युवक एक खेत में लगे 11 केवी के विद्युत प्रवाह वाले ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया। करंट की चपेट में आकर तड़पने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सूचना विद्युत विभाग को दी।

सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के कर्मचारी तत्काल विद्युत प्रवाह बंद कर मौके पर पहुंचे। बिजलीकर्मियों ने युवक को ट्रांसफार्मर के नीचे गिरे हुए देखा। दाएं हाथ की हथेली करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई थी। शरीर के अन्य अंगों में भी करंट का असर हुआ है। ट्रांसफार्मर से नीचे गिरने के कारण उसका सिर में भी चोटें आई थीं, जिसमें से खून बह रहा था। विद्युत विभाग के कर्मचारी संजय कुशवाहा की सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया है। पुलिस भी युवक से पूछताछ करते हुए मामले की जांच कर रही है। पूछताछ में युवक ने नाम जीतन कुमार पोर्ते निवासी कर्री चलगली, जिला बलरामपुर बताया है। वह यह नहीं बता पा रहा है कि प्रतापपुर क्षेत्र में कब और क्यों आया था ? उसने आत्महत्या करने की कोशिश क्यों की? इसे लेकर भी वह कुछ नहीं बता पाया। उसके पास कोई मोबाइल भी नहीं मिला। प्रतापपुर पुलिस युवक के स्वजनों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

## कार्यपालन अभियंता से 10 लाख रुपये वसूली का मनरेगा लोकपाल ने दिया आदेश

- संवाददाता -
बलरामपुर,22 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

मनरेगा लोकपाल बलरामपुर के द्वारा तत्कालीन कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग क्रमांक-2 रामानुजगंज को दो प्रकरणों में 10 लाख रुपये का जुर्माना वसूल करने का आदेश दिया है। जनपद पंचायत बलरामपुर अंतर्गत ग्राम अतौरी में करबोधा नाला एवं जूनापारा में स्टाप डैम निर्माण एवं ग्राम बादा में कपोत नाला में स्टाप डैम निर्माण कार्य राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत करने का प्रशासकीय आदेश जिला पंचायत सरगुजा द्वारा वर्ष 2006-2007 में दिया गया था। कार्य आदेश से छह माह के अंदर कार्य पूर्ण करना था। इसमें मनरेगा नियमों का पालन नहीं किया गया। इसकी शिकायत लोकपाल बलरामपुर के समक्ष अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी ने दो शिकायत पत्रों में की थी। पूर्व लोकपाल के द्वारा आवेदन निरस्त किया गया था, इसे लेकर डीके सोनी ने दोनों मामलों में लोकपाल अपीलीय प्राधिकरण रायपुर के समक्ष अपील किया था। लोकपाल अपीलीय अधिकारी ने अपील को स्वीकार किया और पुनः शिकायत की जांच करते हुए आदेश देने का निर्णय सुनाया था। इसके आधार पर बलरामपुर के मनरेगा लोकपाल ने दोनों शिकायतों की विधिवत जांच कराई। उपरोक्त दोनों कार्यों में भारी अनियमितता पाई गई। लोकपाल मनरेगा के द्वारा लापरवाही का दोषी पाते हुए तत्कालीन कार्यपालन अभियंता जल संसाधन क्रमांक-2 रामानुजगंज को पांच-पांच लाख का अर्थदंड, कुल 10 लाख रुपये जुर्माना वसूल करने की अनुशंसा की गई है। उपरोक्त राशि एक माह के भीतर जमा नहीं करने पर इनके विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

# 3 दिसंबर को होगी मतगणना...आवश्यक तैयारियां शुरू





- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 3 दिसम्बर 2023 को मतगणना होनी है। मतदान के बाद मत सामग्री पॉलीटेक्निक कॉलेज के स्ट्रॉन्ग रूम में रखी गई है। सुरक्षा की दृष्टि से यहां सुरक्षा बल के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है, साथ ही सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से भी 24 घंटे नजर रखी जा रही है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा और मतगणना की तैयारी का जायजा लेने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार बुधवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित स्ट्रॉन्ग रूम एवं मतगणना स्थल पहुंचे। उन्होंने पॉलीटेक्निक कॉलेज भवन प्रवेश करते ही दीवार पर लगाए गए टीवी मॉनिटर

### » कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल एवं स्ट्रॉन्ग रूम का किया निरीक्षण

पकैमरोंके जरिए स्ट्रॉन्ग रूम पर नजर रखे जाने के सिस्टम का अवलोकन किया। उन्होंने इस दौरान सुरक्षा बलों से स्ट्रॉन्ग रूम सुरक्षा के संबंध में जारी समस्त दिशा निर्देशों के पालन पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति जिनके पास कोई पहचान पत्र ना हो, उन्हें परिसर में आने की अनुमति नहीं दी जाए।

इसके साथ ही मतगणना स्थल हेतु आवश्यक व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर समुचित व्यवस्था, बैरिकेडिंग की व्यवस्था, पर्याप्त संख्या में बल की तैनाती आदि पर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपजिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, एसडीएम अम्बिकापुर श्रीमती पूजा बंसल, राजनैतिक दलों के पदाधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# एनएच पर 2 सड़क हादसे में बाइक सवार भाई-बहन समेत 5 लोगों की मौत,शराब के नशे में था कार चालक

- संवाददाता -
बैकुंठपुर/बरबसपुर, 22 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।


गुमला-कटनी एनएच-43 पर ग्राम पंचायत बरबसपुर व नागपुर में 12 घंटे के भीतर हुए 2 सड़क हादसे में भाई-बहन समेत 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पहला हादसा में मंगलवार रात 11 बजे हुआ, जिसमें बाइक सवार 2 युवक खड़े ट्रक से भिड़ गए। हादसे में दोनों की मौत हो गई। जबकि दूसरा हादसा बुधवार की सुबह एनएच पर हुआ। इसमें नशे में कार चला रहे ड्राइवर ने दो बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सूरजपुर निवासी एक ही परिवार के भाई-बहन व दूसरी बाइक में सवार एक अन्य युवक की मौत हो गई। वहीं हादसे में 3 लोग घायल हैं। सूचना मिलते ही नागपुर हाइवे पुलिस चौकी के स्टाफ मौके पर पहुंचे और शवों को अस्पताल भिजवाया।

गौरतलब है कि बुधवार की सुबह करीब 11 बजे न्यू सोल्ड कार का चालक नशे में धुत होकर काफी तेज रफ्तार से कार चला रहा था। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रहे 2 बाइक सवारों को उसने जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में एक बाइक में सवार भाई-बहन और दूसरी बाइक में सवार युवक सड़क पर इधर-उधर जा गिरे।

दर्दनाक हादसे के बाद मौके पर हडक़ंप मच गया और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इस दौरान मौके पर ही भाई-बहन की मौत हो गई। वहीं दूसरे बाइक में सवार युवक ने नागपुर अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसे के बाद कार में सवार 2 व बाइक सवार एक ग्रामीण घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

वहीं कार में सवार 2 अन्य लोग घटना स्थल से फरार हो गए। फरार लोगों में शराब पीकर कार चलाने वाला चालक भी शामिल है। दर्दनाक हादसे में ग्राम सेमरा निवासी शंकर राय, ग्राम बड़वार तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर निवासी





मोहम्मद खलिल व सायरा बानो पिता मोहम्मद जनीब (भाई-बहन) की मौत होने की बात कही गई है। वहीं घायलों में बचरापोड़ी निवासी नीता जायसवाल, कोतमा निवासी राजेंद्र यादव व किशन बैगा का नाम बताया जा रहा है।

### खड़ी ट्रक से बाइक भिड़ी, दो युवकों की मौत

एनएच-43 में मंगलवार रात करीब 11 बजे 2 ग्रामीण बाइक में सवार होकर कहीं जा रहे थे। इस दौरान सडक़ किनारे खड़े ट्रक से उनकी बाइक टकरा गई।

सडक़ हादसे में मनेंद्रगढ़ चौघड़ा निवासी दल सिंह और राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल मनेंद्रगढ़ सीएचसी इलाज कराने भिजवाया गया। लेकिन डॉक्टर्स ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में एक न्यायालय का कर्मचारी है।

### न्यू सोल्ड कार में अंग्रेजी शराब की बोतल

न्यू सोल्ड कार में चार युवक सवार होकर कोतमा से अंबिकापुर की ओर जा रहे थे। ऐसी चर्चा है कि एनएच-43 किनारे स्थित ग्राम महाराजपुर के पास कार को खड़ी कर युवकों ने अंग्रेजी शराब का सेवन किया था। उसके बाद तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहे थे। शराब के नशे में धुत होकर कार चलाने के कारण हादसा हुआ। दुर्घटनाग्रस्त कार में अंग्रेजी शराब की बोतल, डिस्पोजल, मिनरल वाटर व चखना का प्लास्टिक पड़ा मिला है।

### एक साथ तीन बाइक को मारी टक्कर

दर्दनाक हादसे के बाद घटना स्थल के पास स्थित दुकान का सीसीटीवी कैमरे से फुटेज लिया गया है। जिसमें तेज रफ्तार कार सामने से आने वाली 3 बाइक को एक साथ गलत साइड में जाकर जबरदस्त टक्कर मारी है।

इस दौरान पहली बाइक हवा में कार से अधिक ऊंचाई तक उड़ी और दूर फेंका गई। उसके साथ ही दो और बाइक सवार एक के बाद कार की टक्कर से गिरते गए।

# लापता छात्रों से जुड़े मामले में कार्यवाहक PM को समन,29 नवंबर को अदालत में पेश होने का आदेश



**इस्लामाबाद,22 नवम्बर 2023।** अशांत बलूचिस्तान प्रांत से लापता 55 छात्रों से जुड़े मामले में कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने उन्हें इस मामले में समन जारी कर 29 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। अदालत ने सरकार से यह भी पूछा कि क्या उसे इस मामले को संयुक्त राष्ट्र(यूएन) को भेजना चाहिए।

पाकिस्तान के एक प्रमुख समाचार पत्र ने अपनी खबर में बताया कि उच्च न्यायालय ने काकर को निर्देश दिया कि अगर वह बलूच जबरन गुमशुदगी आयोग की सिफारिशों के अनुसार लापता छात्रों की बरामदगी सुनिश्चित नहीं करते हैं तो वह उसके समक्ष पेश हों। न्यायमूर्ति मोहसिन अख्तर कयानी ने जबरन गुमशुदगी के मामले में जांच आयोग की सिफारिशों को लागू करने से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

लापता लोगों का पता लगाने और इसके लिए जिम्मेदार लोगों या संगठनों की जिम्मेदारी तय करने के लिए साल 2011 में इस आयोग का गठन किया गया था। एक अन्य समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, इससे पहले 10 अक्तूबर को हुई सुनवाई में आईएचसी ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह लापता बलूच छात्रों को बरामद करने की अपनी जिम्मेदारी निभाए।

आज की सुनवाई में अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल ने न्यायमूर्ति कयानी से अनुरोध किया कि वह मंत्रियों या प्रधानमंत्री को समन जारी न करें। उनके अनुरोध को अस्वीकार करते हुए न्यायाधीश ने कहा, इसमें (प्रधानमंत्री या मंत्रियों को समन जारी करने में) कुछ भी गलत नहीं है। हर कई इसका (गुमशुदगी के मामले का) मजाक बना रहा है।

उन्होंने आगे कहा, इस देश के लोगों के साथ इससे बड़ा अन्याय क्या होगा कि उन्हें गायब किया जा रहा है? लोगों की गुमशुदगी के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा, क्या हमें इस मामले को संयुक्त राष्ट्र को भेजना चाहिए और अपने देश का अपमान कराना चाहिए? अंतरिम प्रधानमंत्री ने पिछले महीने माना था कि संयुक्त राष्ट्र की एक उप-समिति के अनुमान के अनुसार बलूचिस्तान में करीब पचास लोगों को जबरन गायब कर दिया गया है।

# पाकिस्तान नहीं छोड़ पाएंगे इमरान समेत 28 लोग! नाम ECL में डालने की सिफारिश,सरकार ने कही यह बात

**इस्लामाबाद, 22 नवम्बर 2023।** पाकिस्तान की अंतरिम सरकार ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और 28 अन्य लोगों के नाम एग्जिट कंट्रोल लिस्ट(ईसीएल) में डालने की सिफारिश की, ताकि उन्हें देश से भागने से रोका जा सके। सरकार ने भ्रष्टाचार के एक मामले में उनकी कथित संलिप्तता का हवाला देते हुए यह सिफारिश की है।

देश के एक प्रमुख अखबार ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि संघीय मंत्रिमंडल की एक उप-समिति ने अल-कादिर ट्रस्ट मामले में पीटीआई पार्टी के प्रमुख इमरान खान और 28 अन्य के नाम ईसीएल में रखने की सिफारिश की है।

मामले में आरोप है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी ने उस पचास अरब रुपये



को वैध बनाने के लिए बहरिया टाउन लिमिटेड से अरबों रुपये और सैकड़ों कनाल की जमीन हासिल की, जिसकी पहचान खान के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान ब्रिटेन द्वारा की गई और देश को लौटा दी गई।

इमरान को इस साल के शुरुआत में इस मामले में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के परिसर से गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताया, जिसके बाद उन्हें रिहा कर दिया गया।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख इमरान खान अभी गोपनीय राजनयिक केबल (साइफर) को लीक करने के मामले में अदियाला जेल में बंद हैं। उन्हें 14 नवंबर को दोबारा अल-कादिर ट्रस्ट मामले में 14 नवंबर को राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

देश के गृह मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि संघीय मंत्रिमंडल की उप-समिति की बैठक में अंतरिम गृहमंत्री सरफराज बुगती और अन्य विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इसने कहा, समिति ने विभिन्न विभागों और संस्थाओं द्वारा भेजे गए 41 लोगों के नाम ईसीएल में डालने की सिफारिश की है।

# अमेरिका में उठी आतंकी पन्नू को नो फ्लाई लिस्ट में शामिल करने की मांग

**वाशिंगटन, 22 नवम्बर 2023।** एयर इंडिया के विमानों को लेकर धमकी देने वाले खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू को अमेरिका में नो फ्लाई लिस्ट में शामिल किए जाने की मांग उठी है। भारतीय-अमेरिकियों और भारतीय-कनाडाई लोगों के समूह फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) ने कनाडा में आतंक-नफरत फैलाने को लेकर पैनल चर्चा की। इस दौरान प्रतिभागियों ने जोर दिया कि सभ्य दुनिया की सभी सरकारें आतंकी पन्नू व उसके प्रतिबंधित संगठन (एसएफजे) को नो फ्लाई लिस्ट में शामिल करें।





### सेना भर्ती अभियान में भगदड़ मचने से 37 की मौत

कांगो गणराज्य में एक सैन्य स्टेडियम में सेना भर्ती अभियान के दौरान भगदड़ मच गई, जिसमें कम से कम 37 की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए हैं। पिछले हफ्ते से हर दिन भर्ती केंद्रों के बाहर सेना में शामिल होने की इच्छा रखने वाले युवाओं की लंबी लाइनें लग रही हैं।

तंजानिया में मुरलीधरन ने भारत के सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने मंगलवार को तंजानिया में राष्ट्रमंडल युद्ध स्मारक पर भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वह तंजानिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं, जिसके बाद वह केन्या की यात्रा पर जाएंगे। मुरलीधरन ने कहा, तंजानिया के दार-एस-सलाम में राष्ट्रमंडल युद्ध स्मारक पर भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनका बलिदान स्मृति में शाश्वत है।

### महासागर के सबसे गहरे बिंदु तक गए डॉन का 92 की उम्र में निधन


महासागर के सबसे गहरे बिंदु तक पहुंचने वाले सबसे पहले समुद्री खोजकर्ता एवं नौसेना के सेवानिवृत्त कैप्टन डॉन वॉल्श का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। जनवरी 1960 में अमेरिकी नौसेना के लेफ्टिनेंट वॉल्श और स्विस इंजीनियर जैक्स पिकार्ड को 150 टन वजनी पनडुब्बी के जरिये सतह से लगभग 7 मील नीचे समुद्र में भेजा गया था। दोनों प्रशांत महासागर में गुआम से लगभग 200 मील दूर तक उतरे जो सबसे गहरा बिंदु है।

# राष्ट्रपति अल्वी ने फलस्तीनी मुद्दे पर दिया सुझाव, अब पड़ रहा महंगा;सदन में उठी इस्तीफे की मांग

**इस्लामाबाद,22 नवम्बर 2023 ।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी का एक सुझाव देना उनपर महंगा पड़ता दिखाई दे रहा है। उन्होंने फलस्तीनियों के मुद्दे को सुलझाने के लिए वन स्टेट सोल्यूशन यानी एक राष्ट्र समाधान का सुझाव दिया। हालांकि, उनका यह सुझाव देना उनपर ही भारी पड़ गया। उनकी टिप्पणी से कार्यवाहक सरकार ने हाथ पीछे खींच लिए और उनके इस्तीफे की मांग कर डाली।

### अगर इस्राइल टू स्टेट सोल्यूशन नहीं मान रहा...

राष्ट्रपति कार्यालय ने शुरू में एक बयान जारी किया, जिसमें बताया गया कि राष्ट्रपति अल्वी ने अपने फलस्तीनी समकक्ष महमूद अब्बास के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और इस दौरान %एक राष्ट्र समाधान% का सुझाव दिया। अल्वी ने कहा कि अगर इस्राइल टू स्टेट सोल्यूशन यानी दो राष्ट्र समाधान के लिए नहीं मान रहा है तो उसके सामने एक राष्ट्र समाधान का प्रस्ताव रखो। इस प्रस्ताव से मुस्लिम और ईसाई समुदायों के लोग बराबर हक से रह सकेंगे।



### बाद में बयान लिया वापस

राष्ट्रपति कार्यालय का बयान सामने आते ही सभी टीवी चैनलों ने इस खबर को प्रसारित कर दिया। बाद में बयान को वापस लेकर नया जारी किया, जिसमें इस प्रस्ताव का कोई जिक्र नहीं किया गया था।

### विवादास्पद टिप्पणी पर स्पष्टीकरण मांगा

संसद में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सांसद रजा रब्बानी ने विवादास्पद टिप्पणी पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा। इस पर कार्यवाहक विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी ने मंगलवार को अल्वी के प्रस्ताव को देश के सैद्धांतिक और ऐतिहासिक रुख के अनुरूप नहीं बताया। विदेश मंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करने से पहले उनके मंत्रालय को जानकारी नहीं दी थी। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें उस संदर्भ की जानकारी नहीं थी, जिसमें राष्टपति ने एक राष्ट समाधान का सुझाव दिया था।

### फलिस्तीन मुद्दे पर पाकिस्तान का रुख

जिलानी ने कहा कि राष्ट्रपति का बयान जारी होने के तुरंत बाद उनके मंत्रालय को एक स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा, जिसमें फलिस्तीन मुद्दे पर पाकिस्तान का रुख बताया गया। उन्होंने कहा कि स्पष्टीकरण इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) सचिवालय और संयुक्त राष्ट्र निकायों सहित अन्य संबंधित संगठनों को भेजा गया। उन्होंने कहा कि फलस्तीन मुद्दे को लेकर पाकिस्तान ने हमेशा दो राष्ट्र समाधान का सुझाव दिया है।

### विवाद को खत्म करने के लिए...

सांसद रजा रब्बानी ने कहा कि राष्ट्रपति को इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही उन्होंने विदेश मंत्री से सदन को यह बताने के लिए भी कहा कि सरकार ने राष्ट्रपति के बयान से पैदा हुए विवाद को खत्म करने के लिए क्या किया है?

# भारत को उन्नत शिशुमार पनडुब्बी देगा जर्मनी,दुश्मनों के लिए कितनी है घातक

**बर्लिन, 22 नवम्बर 2023।** पाकिस्तान और चीन का मुकाबला करने के लिए जर्मनी ने भारतीय नौसेना को एचडीडब्ल्यू श्रेणी की उन्नत वैरिएंट की पनडुब्बी देने की पेशकश की है। इसे भारत में शिशुमार श्रेणी के नाम से जाना जाता है। अभी तक भारतीय नौसेना के बेड़े में इसके पुराने वैरिएंट ही मौजूद हैं। जर्मनी की थिसेनक्रुप एजी कंपनी इसे बनाती है। इसकी कुल लागत 4.8 अरब डॉलर है। एचडीडब्ल्यू पारंपरिक डीजल इलेक्ट्रिक पनडुब्बी है, जो 72 मीटर लंबी होती हैं। नई पनडुब्बी कई तरह से घातक हथियारों और तकनीक से लैस है।



### भारत के लिए बदलाव को तैयार


थिसेनक्रुप के एक अधिकारी के मुताबिक, मौजूदा 214 एक मानक डिजाइन वाली पनडुब्बी है। इसे भारतीय नौसेना की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कुछ बदलाव की आवश्यकता होगी। टाइप 209 जो भारत को 80 के दशक के मध्य में जर्मनी से मिली थी और इसमें से दो का निर्माण भारत में किया गया था, उनमें भी भारत के मुताबिक बदलाव किया गया।

### 12 एसयू-30 एमकेआई लड़ाकू जेट खरीद के टेंडर

भारतीय वायुसेना ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को 12 आधुनिक एसयू-30 एमकेआई लड़ाकू जेट खरीद के लिए टेंडर जारी किए हैं। इससे वायुसेना अपनी स्क्वाड्रन क्षमता बढ़ा सकेगी, उसकी मारक क्षमता में इजाफा होगा। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार यह जेट भारत में ही बनेंगे, इसके लिए रूसी मूल उपकरण उत्पादकों से भी साझेदारी होगी। वहीं सरकारी कंपनी एचएएल इस टेंडर पर अगले महीने तक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट व अन्य जानकारी देगी। सूत्रों के अनुसार यह एसयू-30 एमकेआई विमान न केवल अत्याधुनिक होंगे, बल्कि इनमें कई भारतीय हथियार व सेंसर भी लगे होंगे। भारतीय उपकरण इनका बड़ा हिस्सा होंगे।

# बराक ओबामा के पूर्व सलाहकार ने कीं इस्लाम विरोधी टिप्पणियां,वीडियो वायरल होने पर नौकरी से निकाले गए





**वॉशिंगटन, 22 नवम्बर 2023।** बराक ओबामा के पूर्व प्रशासनिक सलाहकार स्टुअर्ट सेल्डोविट्ज को इस्लाम विरोधी टिप्पणी करने पर नौकरी से निकाल दिया गया है। दरअसल, सेल्डोविट्ज के सोशल मीडिया पर दो वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें वह हलाल बेचने वाले दुकानदार पर गुस्सा करते दिख रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर दो वीडियो वायरल

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि सेल्डोविट्ज न्यूयॉर्क शहर के एक दुकानदार को किस तरह परेशान कर रहे। वीडियो में यह भी दिख रहा है कि उन्होंने दुकानदार पर फलस्तीन विरोधी टिप्पणियां कीं। फिर बाद में उसकी बेइज्जती की। इस फुटेज को कोलंबिया यूनिवर्सिटी के एक छात्र ने साझा किया था। बाद में एक इसी तरह का और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। इसमें सेल्डोविट्ज हलाल बेच रहे दुकानदार को आतंकवादी कहते और इस्राइल-हमास संघर्ष को लेकर उसके बारे में अन्य टिप्पणियां करते पाए गए।

### बाहर का दिखाया रास्ता

लोगों का गुस्सा देखते हुए अमेरिका की लॉबिंग फर्म गोथम गवर्नमेंट रिलेशंस ने ओबामा प्रशासन के पूर्व सलाहकार की टिप्पणियों की निंदा की और उन्हें नस्लवादी करार दिया। साथ ही सारे रिश्ते खत्म करने का एलान किया। फर्म ने कहा कि स्टुअर्ट से सारे नाते रिश्ते खत्म कर रहे हैं, क्योंकि उन्होंने कई वर्षों से काम में कोई योगदान नहीं दिया है।

### इन पदों पर कर चुके हैं काम

गोथम गवर्नमेंट रिलेशंस बायो के अनुसार, सेल्डोविट्ज ने ओबामा प्रशासन के तहत राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद दक्षिण एशिया निदेशालय के लिए कार्यवाहक निदेशक के रूप में कार्य किया। वह सन् 1999 से 2003 तक अमेरिकी विदेश विभाग के इस्राइल और फलस्तीनी मामलों के कार्यालय में उप निदेशक भी थे।

एक रिपोर्ट के अनुसार, लॉबिंग फर्म ने पिछले साल उन्हें विदेश मामलों के अध्यक्ष के तौर पर नियुक्त किया था। सेल्डोविट्ज का वीडियो ऐसे समय में सामने आया है, जब इस्राइल-हमास युद्ध जारी है। इस जंग के कारण अमेरिका में यहूदी-विरोधी और इस्लाम विरोधी टिप्पणियों को बढ़ा मिला है।

# इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक में 3,000 से अधिक फ़िलिस्तीनियों को किया गिरफ़्तार

**रामल्लाह ,22 नवंबर 2023।** फिलिस्तीनी आंकड़ों के मुताबिक, 7 अक्टूबर को इजराइल-हमास संघर्ष की शुरुआत के बाद से वेस्ट बैंक में इजराइली बलों ने कम से कम 3,000 फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया है। जारी फ़िलिस्तीनी अथॉरिटी कमीशन फ़ॉर प्रिजनर्स अफेयर्स और फ़िलिस्तीनी प्रिजनर्स क्लब के एक संयुक्त बयान के अनुसार, पिछले कुछ घंटों में, वेस्ट बैंक में कम से कम 40 फ़िलिस्तीनियों को इजराइली सेना ने हिरासत में लिया है।



बयान में कहा गया है कि इजराइली बलों ने जेनिन, हेब्रोन, बेथलेहम, नब्लस, रामल्ला, जेरूसलम और जेरिको सहित वेस्ट बैंक के विभिन्न स्थानों पर गिरफ्तारियां कीं, जबकि कई आवासीय घरों पर भी छापेमारी की।

इसमें कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से कुछ को घरों से पकड़ लिया गया, कुछ को सैन्य चौकियों पर हिरासत में लिया गया, कुछ को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया गया और कुछ को बंधक बना लिया गया।

# ऑस्ट्रेलिया में फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन के दौरान 20 लोग गिरफ्तार

**सिडनी ,22 नवंबर 2023।** ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के एक उपनगर में फिलिस्तीन के समर्थक रैली निकालने को लेकर 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एनएसडब्ल्यू पुलिस बल ने एक बयान में कहा, लगभग 400 लोगों ने बीती रात पोर्ट बॉटनी में बिना इजाजत के विरोध-प्रदर्शन किया और फोरशोर रोड पर वाहनों की आवाजाही को अवरुद्ध कर दिया।



बयान में कहा गया, लोगों ने सड़क को खाली कर दिया।'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के अनुसार यह विरोध इजरायली शिपिंग कंपनी जिम के खिलाफ था, जिसने गाजा संघर्ष में इजरायली सरकार को अपना समर्थन देने की पेशकश की है। इस घटना के समय मंगलवार को बंदरगाह पर एक जहाज था।

# अल-शिफा के नीचे इस्राइल निर्मित बंकर,जानकारी पहले से ही थी;युद्ध के बीच पूर्व पीएम एहुद बराक का दावा

**तेल अवीव, 22 नवम्बर 2023।** हमास के साथ 47 दिनों से जारी हिंसक संघर्ष के बीच युद्धविराम पर सहमति बनी है। हमास ने कहा है कि वह 50 बंधकों को रिहा करेगा। बदले में इस्राइल भी 100 से अधिक बंधकों को रिहा करने को राजी है। इस घटनाक्रम के बीच इस्राइल के पूर्व प्रधानमंत्री एहुद बराक ने चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा, यह बात पहले से ही पता है कि गाजा में अल-शिफा अस्पताल के नीचे बंकर बनाए गए हैं। एहुद का कहना है कि इनका निर्माण इस्राइल ने खुद कराया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सीएनएन को दिए एक इंटरव्यू में पूर्व प्रधानमंत्री बराक ने कहा, पिछले कई वर्षों से यह बात पता है कि अल शिफा के नीचे मूल रूप से इस्राइली निर्माण कंपनियों की तरफ से बनाए गए बंकर हैं। पूर्व प्रधानमंत्री बराक का बयान इसलिए अहम है क्योंकि पिछले हफ्ते आई खबरों में इस्राइली सुरक्षाबलों (ढ्डष्ठस्न) ने कहा था कि उन्हें 55 मीटर लंबी ÷आतंकवादी सुरंग÷ मिली है। ढ्डष्ठस्न के अनुसार हमास इसे कमांड चौकी के तौर पर इस्तेमाल कर रहा था। इस्राइली सुरक्षाबलों का दावा है कि सुरंग में सौर पैनल की मदद से बिजली का इंतजाम भी किया गया है।

बंकरों को हमास की हमास कमांड चौकी के रूप में इस्तेमाल किए जाने पर पूर्व पीएम बराक ने कहा, कई सुरंगों के जंक्शन पर बने बंकर इस्राइल की तरफ से बनाई गई पूरी प्रणाली का हिस्सा थे। मुझे नहीं पता कि जिस बंकर की बात ढ्डष्ठस्न कर रहा है, वह हमास के लिए किस हद तक %प्रमुख कमांड चौकी% है। उन्होंने कहा कि शायद बंकर केवल कमांड चौकी नहीं है। अन्य अस्पतालों या संवेदनशील जगहों पर भी बंकर बनाए गए हैं। निश्चित रूप से इसका उपयोग हमास के आतंकियों की तरफ से किया गया।

बता दें कि हमास के साथ जारी युद्ध के बीच गाजा में कार्रवाई कर रही इस्राइली सेना ने मस्जिद में हथियार बरामद होने के साथ-साथ रॉकेट लैब होने का दावा किया है। वीडियो के आधार पर गाजा के आतंकी ठिकानों का जिक्र हो रहा है। अब पूर्व प्रधानमंत्री एहुद बराक का बयान सुर्खियां बटोर रहा है। सोमवार को सीएनएन के इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि गाजा के युद्धग्रस्त अल शिफा अस्पताल के नीचे इस्राइल ने कुछ बंकर बनवाए हैं।





बराक के मुताबिक जिन भूमिगत जगहों की बातें हो रही हैं इनका निर्माण इस्राइल ने ÷कई दशकों पहले÷ कराया था। शायद उस समय के आसपास जब इस्राइल ने गाजा पर कब्जा कर लिया था। इन बंकरों का मकसद ÷अस्पताल के संचालन के लिए अधिक सक्षम जगह बनाना है।÷ उन्होंने साफ किया कि कई दशक पहले गाजा और अल-शिफा अस्पताल के आस-पास वाले इलाके पर इस्राइल का नियंत्रण था। चार दशक पहले इस्राइल इस जगह को चला रहा था। इस्राइल ने अस्पताल की सेवाओं को निर्बाध रखने और अधिक जगह का बंदोबस्त करने के मकसद से इन बंकरों को बनवाया। इस्राइल ने अस्पताल परिसर के सीमित आकार के भीतर बंकर बनाने में उनकी मदद की।÷

गौरतलब है कि 14 साल पहले, साल 2009 में, इस्राइली समाचार आउटलेट हारेत्ज़ ने कहा था कि 1980 के दशक में इस्राइल ने अल शिफ़ा अस्पताल का विस्तार किया था। इसे 1960 के दशक के अंत में बनाया गया था। इस समय गाजा मिस्र के शासन के अधीन था। परिसर में एक ÷बड़ा सीमेंट बेसमेंट भी शामिल था। इसमें अस्पताल के कपड़े धोने और विभिन्न प्रशासनिक सुविधाएं थीं। पूर्व प्रधानमंत्री बराक के मुताबिक इस्राइली निर्माण में बदलाव आया है। उन्होंने कहा, हमास ने काफी विस्तार किया है और इसे अन्य सुरंगों और बंकरों से जोड़ा है।

बराक ने इस बात पर भी जोर दिया कि अस्पताल पर हमला करने के दौरान इस्राइल ने ÷सतर्क÷ दृष्टिकोण अपनाया। उन्होंने कहा, पहले इस्राइली टैंकों ने अस्पताल को चारो तरफ से घेर लिया था। यहां भोजन, ईंधन, पानी और दवाओं की कमी की खबरें आ रही थीं। इस्राइली सेना के हमले से पहले अस्पताल के नीचे बने बंकरों में हमास के गुर्गों को आतंकी निशान निशान मिटाने का काफी समय मिला। उन्होंने कहा, इस्राइली सेना ने पहले कई दिनों तक चेतावनी दी। डॉक्टरों और मरीजों की जान बचाने के मद्देनजर सैन्य कार्रवाई बहुत सावधानी से की गई। इतने समय में बंकर के सक्रिय होने के सबूत मिटाने में मदद मिली। पूर्व प्रधानमंत्री के मुताबिक इस्राइल को भरोसा है कि हमास की गतिविधियों के लिए कमांड चौकी के रूप में वर्षों से इसका उपयोग किया जा रहा था।

# कोरिया में लगता है घुमक्कड़ों का जमावड़ा,प्रकृति प्रेमियों की बनी फेवरेट जगह





-संवाददाता-
कोरिया,22 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ के कोरिया अपनी प्राकृतिक संसाधनों और सौंदर्य के लिए जाने जाते हैं। प्रकृति की गोद मे बसे और हरियाली की चादर से ढंके जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के बेहद नजदीक में एक ऐसा डैम है, जो प्रकृति प्रेमियों और घुमक्कड़ों की पहली पसंद है। खास तौर पर इस डैम पर सुबह सूरज उगते और शाम होते ही सूरज और सुंदर व आकर्षक नजर आता है। शाम होते ही घुमक्कड़ शांत और एकांत जगह की तलाश में निकल जाते है।

प्रकृति प्रेमी जंगल और पहाड़ के नजारे देखकर बेहद रोमांचित होते हैं। अगर हम आपको कहें कि ऐसा नजारा आपके शहर और प्रदेश में है, तो आपको बेहद आश्चर्य होगा। लेकिन हां कोरिया जिले के बैकुंठपुर के बेहद नजदीक में एक ऐसा डैम है जो प्रकृति प्रेमियों और घुमक्कड़ों की पहली पसंद है। इस खबर के बाद आपको शहर के नजदीक जंगल, पहाड़, नदी और तालाब तलाश की तलाश दूर हो जायेगी। यह स्थल आपको अलग तरह की अनुभूति प्रदान करेगा। यहां हर सुबह-शाम शहरवासी घूमने आते हैं, वहीं सुबह से शाम तक यह स्थल मन को सुकून देने का भी महत्वपूर्ण स्थान भी है! बैकुंठपुर नगर पालिका व कोरिया पैलेस से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर झुमका डैम मशहूर है, जो दूर से पहाड़ देखते ही मन कह उठता है, थैंक्स गॉड.! इसकी खूबसूरती इतनी है कि हर शाम सनसेट देखने शहरवासी यहां घूमने आते हैं।

अगर आप भी अपने परिवार, दोस्त या पार्टनर के साथ सुकून के पल बिताना चाहते हैं तो झुमका डैम आपके लिए बेस्ट ऑप्शन होगा। वहीं कोरिया घूमने आए प्रकृति प्रेमियों के पास कम समय है तो वो लोग इस डैम को घूमकर प्रकृति के अनुपम धरोहर के साथ रोमांचित हो सकते है। हालांकि बरसात के मौसम में इसका नजारा और भी मनोरम हो जाता है। वैसे डैम के पानी का सिंचाई कार्य के लिए भी उपयोग किया जाता है। बोट की भी सुविधा है, जो बेहद रोमांचक होते हैं, बाहर से आने वाले पर्यटक इसका लुत्फ उठाए नहीं रहते। वैसे तो कोरिया हो या सरगुजा संभाग अपनी प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाने जाते हैं। यहाँ ऐसे अनेक पर्यटन स्थल है, जो मन को बरबस अपनी ओर खींच लेती है।

## हैवानियत की हदे पार,पड़ोसी युवक ने मासूम से किया रेप,आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
जशपुरनगर,22 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की बेहद शर्मनाक घटना सामने आई है। जहां एक युवक ने अपनी पड़ोस में रहने वाली बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाया। घटना की जानकारी लगते ही बच्ची के परिजनों ने इसकी शिकायत कोतवाली पुलिस में की जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित बच्ची की उम्र महज 3 साल बताई जा रही है. जानकारी के मुताबिक दुष्कर्म के आरोपी ने बच्ची को टॉफियाँ देकर अपने घर बुलाया था। इस बच्ची के साथ जब घिनौना कृत्य किया तो बच्ची बेहोश हो गई थी। बच्ची की नाजुक हालत देखकर तत्काल पुलिस को सूचना दी गई थी। मामले की गंभीरता को देखकर जशपुर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. जशपुर उमेश कश्यप ने बताया कि इस मामले की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने पीड़ित बच्ची के पड़ोस में रहने वाला आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## केन्द्र में धान को बारिश से बचाने के लिए कैप कवर से ढकने का मिला निर्देश

-संवाददाता-
जशपुरनगर,22 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।
बगीचा एसडीएम आर.एस.लाल ने धान उपार्जन केन्द्र महादेवडॉड़ और बिमड़ा का निरीक्षण किया और नमी मापक यंत्र से अपने समक्ष ही तौल कराया और तौल सही पाया गया। उन्होंने नमी मापक यंत्र में जांच पश्चात धान लेने निर्देशित किया साथ ही धान खरीदी की जानकारी ली और मौसम को देखते हुए केन्द्र में धान को बारिश से बचाने हेतु कैप कवर से ढंकने के निर्देश दिए है। एसडीएम श्री लाल ने निरीक्षण के दौरान धान विक्रय के लिए आए किसानों से सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। किसानों द्वारा बताया गया कि उन्हें धान विक्रय में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हो रही है समय पर टोकन प्राप्त हो रहा है। बारदाने की भी उपलब्धता है। धान उपार्जन केन्द्र महादेवडॉड़ में अन्य आवश्यक सभी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।



## गोंगपा को स्ट्रांग रूम में सील ईवीएम की सुरक्षा पर भरोसा नहीं, टेंट लगा पहरे में बैठे कार्यकर्ता

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,22 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।
एमसीबी जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़-चैनपुर में सील ईवीएम की सुरक्षा पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी व कार्यकर्ताओं को भरोसा नहीं है। ऐसे में गोंगपा कार्यकर्ता स्ट्रांग रूम के बाहर टेंट लगाकर 24 घंटे पहरा दे रहे हैं। कार्यकर्ता बारी-बारी से अलग-अलग शिफ्ट में टेंट में बैठकर निगरानी कर रहे हैं।

एमसीबी जिले के भरतपुर सोनहत और मनेंद्रगढ़ विधानसभा में वोटिंग के बाद ईवीएम को स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। कलेक्टोरेट के समीप (सीजीएसडब्ल्यूसी) छत्तीसगढ़ राज्य भंडारण निगम के गोदाम को स्ट्रांग रूम बनाया गया है। साथ ही 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे लगाने के बाद सुरक्षा जवानों की स्ट्रांग रूम में ड्यूटी लगाई गई है। वोटिंग के बाद ईवीएम को प्रेक्षक ललित मोहन रयाल, कलेक्टर नरेन्द्र दुग्गा, रिटर्निंग अधिकारी, प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम में सील किया गया है। सीलिंग प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। सुरक्षा जवानों की 3 शिफ्ट में स्ट्रांग रूम की निगरानी में रखा गया है।



2018 चुनाव के बाद अब 2023 में भी स्ट्रांग रूम की रखवाली

वर्ष 2018 में विधानसभा वोटिंग के बाद ईवीएम रामानुज हायर सेकंडरी स्कूल परिसर स्थित स्ट्रांग रूम में सील कर अलग-अलग शिफ्ट में 24घंटे केंद्रीय सुरक्षा बलों की ड्यूटी लगी थी। मामले में भरतपुर सोनहत विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी गुलाब कमरो (मौजूदा विधायक) व कार्यकर्ता स्ट्रांग रूम के सामने टेंट लगाकर 24 घंटे पहरा देते थे। करीब दो सप्ताह तक कार्यकर्ता स्ट्रांग रूम के सामने डटे थे। वहीं दूसरी ओर विधानसभा चुनाव-2023 में वोटिंग के बाद गोंगपा प्रत्याशी व कार्यकर्ताओं को स्ट्रांग रूम की सुरक्षा पर भरोसा नहीं है। इसलिए कार्यकर्ता मनेंद्रगढ़ स्ट्रांग रूम के सामने टेंट लगाकर पहरे दे रहे हैं।

## शराब है बुरी...इनसे बनाकर रखें दूरी:मोनिका ठाकुर

### क्षणिक आवेश में ले रहे हैं जान

### परिवार-समाज को आगे आने की जरूरत

-संवाददाता-
कोरिया,22 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।



जिले की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर ने कहा है कि ज्यादातर अपराध व दुर्घटना अधिक शराब के सेवन से हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्षणिक आवेश से जानलेवा हमला हो रहे हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शराब के नशे में अपने मानसिक संतुलन खो रहे हैं और इस तरह घटना को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि किसी भी हालत में वाहन चलाते समय नशे का सेवन न करें और सीट बेल्ट, हेलमेट के साथ सावधानी पूर्वक वाहन चलाने की बात कही। श्रीमती ठाकुर ने कहा कि पारिवारिक विवाद हो या फिर जमीन विवाद या फिर पति-पत्नी में शक का मामला हर बात पर शराब का सेवन करके इस तरह के जानलेवा घटना घटित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शराब बहुत बुरी है, इससे दूरी बनाकर रखना ही जरूरी है। समाज प्रमुखों व सभी वर्गों से अपील करते हुए कहा कि शराब से स्वयं व परिवार, समाज को बचाए रखने में अपना योगदान दें।

## हिंदू क्रांति सेना द्वारा देव दीपावली के उपलक्ष्य में किया जाएगा हसदेव महाआरती का आयोजन




-संवाददाता-
कोरबा 22 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।
विगत वर्ष की तरह इस बार भी हिंदू क्रांति सेना के द्वारा कोरबा के सर्वमंगला मंदिर घाट पर देव दीपावली के उपलक्ष्य में हसदेव महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। इसे बनारस के देव दीपावली की गंगा आरती की तर्ज पर कराया जाएगा। इसकी जानकारी हिंदू क्रांति सेना के अध्यक्ष राहुल चौधरी ने प्रेस वार्ता में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया के दिनांक 27 नवंबर को हिंदू क्रांति सेना के द्वारा बनारस के तर्ज पर देव दीपावली के उपलक्ष्य में हसदेव घाट में महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सुगम ढंग से क्रियान्वयन करने के लिए समिति के कार्यकर्ता पिछले एक महीने से लगे हुए हैं एवं आरती की तैयारी लगभग पूरी की जा चुकी है। हसदेव महाआरती का आयोजन 27 नवंबर सोमवार की शाम 5 बजे से किया जायेगा जिसमे अनुमानित 30 हजार से अधिक श्रद्धालु उपस्थित होंगे। समिति के सदस्यों द्वारा सर्वमंगला मंदिर घाट को बनारस की तर्ज पर सजाया जा रहा है साथ ही बनारस से 14 पंडित भी इस आरती के लिए कोरबा आ रहे हैं। महाआरती के दौरान पूजा और हवन कोरबा के ब्राह्मणों द्वारा किया जायेगा।

हिंदू क्रांति सेना के अध्यक्ष राहुल चौधरी ने बताया कि बनारस की देव दीपावली और गंगा आरती विश्व प्रसिद्ध है इसीलिए हसदेव महाआरती करने के लिए बनारस से ही पंडित आएंगे। पिछले साल भी हिंदू क्रांति सेना ने सर्वमंगला मंदिर घाट पर हसदेव महाआरती का भव्य आयोजन किया था। लेकिन इस साल की हसदेव महाआरती काफी खास होगी। इस बार के हसदेव महा आरती में दरी, बालको, कुसमुंडा, कटघोरा, पाली एवं उरगा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे कोरबा एवं आस पास के जिलों से भी श्रद्धालु सम्मिलित होंगे। पिछले साल 20 हजार के आस-पास श्रद्धालु हसदेव महा आरती में शामिल हुए थे। अध्यक्ष राहुल चौधरी ने बताया कि इस साल उससे भी अधिक श्रद्धालु भाग लेंगे।

राहुल चौधरी ने कार्यक्रम को लेकर आगे बताया के हसदेव महा आरती को सफल बनाने के लिए 100 से अधिक कार्यकर्ता तैयारी में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि बनारस के पंडितों के द्वारा आरती किया जाएगा। इस हसदेव महाआरती का आयोजन लोगों को देव दीपावली के दिन दीपदान करने और आरती करने के विशेष महत्व को बताने हेतु किया जा रहा है साथ ही नदियों की महत्ता बताने तथा उनके संरक्षण हेतु प्रयास करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। जिसमें 30 हजार से अधिक श्रद्धालु भाग लेंगे। मंत्रोच्चार करने वाले पंडितों के साथ ही शहर भर के श्रद्धालुओं को हिंदू धर्म से जुड़े विभिन्न संगठन और आम लोगों को आयोजन में आमंत्रित किया गया है। हसदेव महा आरती 2023 में मुख्य आकर्षण के केंद्र में 11000 दीप प्रज्वलन, 2100 दीपदान, 51 लीटर दूध में दुधाभिषेक, 51 मी. चुनरी भेंट, बनारस के पंडितों द्वारा महा आरती, भव्य आतिशबाजी, साउंड एवं साइट शो, लेजर लाइट शो, भजन संध्या, पुष्प वर्षा के अलावा झांकी व ब्राह्मणों द्वारा शंखनाद भी किया जाएगा।

## परिवहन विभाग कार्यालय के सामने फिटनेस के नाम पर खड़ी भारी वाहनों ने बढ़ाई परेशानी

-संवाददाता-
कोरबा,22 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।
जिले के परिवहन विभाग के सामने बने मुख्य मार्ग पर इन दिनों आम नागरिकों को चलने में हो रही समस्याएं। बता दें के इसी मुख्य मार्ग पर जिले के कई बड़े स्कूल और महाविद्यालय स्थापित हैं ,जहां बच्चों का आना जाना लगातार बना रहता है और इसी मुख्य मार्ग पर जिला परिवहन का कार्यालय भी स्थापित है जहां जिले के कमर्शियल व्हीकल फिटनेस एवं अन्य आवश्यक रोड क्लीयरेंस के लिए लाए जाते है। इन भरी वाहनों को मुख्य मार्गो में पार्क किया जाता है। ड्राइविंग टेस्ट व फिटनेस जांच के लिए विभागीय मैदान नहीं



होने के कारण कार्यालय के सामने ही रोड पर भारी वाहनों को खड़े कराए जा रहे हैं। जिसके कारण सुबह से शाम तक भारी वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती है। शहर में जिला परिवहन विभाग के कार्यालय के सामने तहसील रोड पर भारी वाहनों की बेतरतीब ढंग से पार्किंग कराई जाने से लोगों को यहां से आवाजाही करने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, यहां तक के स्कूल प्रारंभ होने के समय लंबी वाहनों के कतरे लगने से जाम की स्थिति निर्मित हो रही है जिससे बच्चे अपने स्कूलों में सही वक्त में नहीं पहुंच पा रहे है।

परिवहन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को चाहिए की राहगीरों को होने वाले समस्याओं पर ध्यान दें, और इन मुख्य मार्गो को भारी वाहनों से मुक्त करते हुए, कही और मैदानी क्षेत्रों में वाहन चेकिंग और फिटनेस की व्यवस्था करे, जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े साथ ही स्कूली बच्चे, जो इस रास्ते से अपने अभिभावकों के साथ स्कूल में जाते है सुरक्षित पहुंच सके।

CMYK

# पढ़ाई ही नहीं,खूबसूरती के मामले में भी नंबर 1 हैं भारत के ये स्कूल

**नई दिल्ली। भारत अपने एजुकेशन के लिए दुनियाभर में मशहूर है, लेकिन एजुकेशन के साथ ही यहां कुछ ऐसे स्कूल भी हैं, जो दुनियाभर में अपनी पहचान बना रहे हैं। इन स्कूलों में पढ़ाई-लिखाई का तरीका तो अलग है ही, साथ ही यहां स्टूडेंट्स के प्रैक्टिकल नॉलेज पर भी फोकस किया जाता है। आइए जानते हैं कुछ ऐसे ही वर्ल्ड क्लास स्कूल्स के बारे में और ये किन चीज़ों के लिए हैं मशहूर।**

## सिंधिया स्कूल,ग्वालियर

शहर के भीड़ से दूर हिलटॉप पर बना सिंधिया स्कूल लड़कों के लिए बेस्ट बोर्डिंग स्कूल्स में से एक है। यह ग्वालियर के ऐतिहासिक किले में स्थित है। 100 एकड़ से भी ज्यादा एरिया में फैले इस स्कूल में स्टूडेंट्स के लिए हर तरह की सुविधाएं मौजूद हैं। इस स्कूल में बच्चों को सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं दिया जाता, बल्कि पढ़ाई के साथ-साथ उन्हें और भी कई चीज़ों में माहिर बनाने का काम किया जाता है। इस स्कूल में क्रिकेट, लॉन टेनिस, स्वीमिंग पूल, हार्स राइडिंग, बॉक्सिंग से लेकर हर तरह के इंडोर और आउटडोर गेम के लिए मैदान हैं। स्कूल में ओपन थिएटर भी बना है। इस स्कूल की स्थापना स्वर्गीय महाराजा माधवराव जयाजीराव सिंधिया ने 1897 में की थी। पहले इस स्कूल का नाम सरदार स्कूल हुआ करता था। सन् 1908 में इस स्कूल का नाम बदलकर सिंधिया स्कूल कर दिया गया। एक्टर सलमान खान, अरबाज खान, नीतिन मुकेश, सिंगर मीत ब्रदर्स, रिलायंस इंडस्ट्री के चेयरमैन मुकेश अंबानी के अलावा सुनील भारती मित्तल, डायरेक्टर अनुराग कश्यप, सूरज बड़जात्या इस स्कूल के स्टूडेंट रह चुके हैं।



## कैसिगा स्कूल,देहरादून

भारत के सबसे अच्छे सीबीएसई बोर्डिंग स्कूल में शामिल है देहरादून का कसिगा स्कूल। यह एक इंटरनेशनल बोर्डिंग स्कूल है। जहां का एजुकेशन सिस्टम काफी मशहूर है। यहां सीबीएसई के साथ ही यूनिवर्सिटी ऑफ कैंब्रिज इंटरनेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड पर आधारित शिक्षा भी दी जाती है। मतलब यहां पढ़ाई-लिखाई का पूरा पैटर्न इंटरनेशनल बोर्ड पर बेस्ड है।

## मसूरी इंटरनेशनल स्कूल

उत्तराखंड के मसूरी में बना ये बोर्डिंग स्कूल देश के सबसे अच्छे बोर्डिंग स्कूल्स में शामिल है। 1984 में इस स्कूल की स्थापान हुई थी। पढ़ाई के साथ ही इस स्कूल का लोकेशन भी बेहद खास है। यहां 1 से 12 क्लास तक की पढ़ाई होती है, लेकिन ये एक गर्ल्स स्कूल है। लड़कियों के लिए बने इस कैंपस में भी लाइब्रेरी से लेकर प्ले ग्राउंड, डाइनिंग हॉल, लैब और मेडिकल सेंटर जैसी हर तरह की सुविधाएं मौजूद हैं।

## गुड शेफर्ड इंटरनेशनल स्कूल,ऊटी

ऊटी के नीलगिरी पहाडियों के बीच बना है खूबसूरत गुड शेफर्ड इंटरनेशनल स्कूल। 70 एकड़ में बने इस इस स्कूल की स्थापना सन् 1997 में हुई थी। पढ़ाई के मामले में तो ये स्कूल है ही आगे, लेकिन इसके अलावा अपनी खास लाइब्रेरी और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के चलते भी इसे जाना जाता है। जहां स्टूडेंट्स के लिए शूटिंग, टेनिस, हॉकी, क्रिकेट जैसे कई और दूसरे ऑप्शन्स भी मौजूद हैं। इस स्कूल की लोकेशन भी बेहद शानदार है।

# बार-बार भूख लगने का क्या है कारण...जानें क्यों हर थोड़ी थोड़ी देर में क्यों खाना खाने का करता है मन

**भूख लगने पर हम सभी खाना खाते हैं. इससे शरीर को एनर्जी मिलती है,आमतौर पर एक इंसान दिन में तीन से चार बार खाना खाता है लेकिन अगर भरपेट खाना खाने के बाद भी भूख महसूस हो तो तुरंत सावधान हो जाना चाहिए. कुछ लोग इसे कमजोरी मानते हैं लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इसके कई गंभीर कारण हो सकते हैं. न्यूट्रिशनिस्ट लवनीत बत्रा ने अपने इंस्टाग्राम पर इसको लेकर जानकारी दी है कि आखिर बार-बार भूख लगने के क्या कारण होते हैं.**

## बार-बार भूख लगने के 6 कारण

### प्रोटीन की कमी

न्यूट्रिशनिस्ट लवनीत बत्रा बताती हैं कि अगर खाने में प्रोटीन कम है तो अक्सर भूख लगती रहती है। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रोटीन ऊर्जा प्रदान कर भूख बढ़ाने वाले हार्मोस को कंट्रोल में रखता है. ऐसे हार्मोस को बनाता है, जो पेट भर जाने का संकेत देते हैं। प्रोटीन फूड क्रेविंग को भी कम करनेका काम करता है. ऐसे में खाने में प्रोटीन से भरपूर चीजें शामिल करनी चाहिए।

### नींद पूरी न होना

नींद न पूरी हो पाने के कारण भी बार-बार भूख लग सकती है। पर्याप्त नींद न लेने पर भूख का संकेत देने वाला घ्रेलिन हार्मोन काबू में नहीं रहता है और बढ़ जाता है। इससे बार-बार भूख लगने का एहसास होता है. इसलिए ठीक तरह से पूरी नींद लेनी चाहिए।

### रिफाइंड कार्ब्स के सेवन से

रिफाइंड कार्ब्स का ग्लाइसेमिक इंडेक्स काफी ज्यादा होता है. ऐसे में इनका ज्यादा सेवन भूख को बढ़ा देता है और जल्दी-जल्दी कुछ न कुछ खाने का मन करता है। ज्यादा रिफाइंड कार्ब्स के सेवन से मोटापा काफी तेजी से बढ़ता है।

### शरीर में फाइबर की कमी

जब हमारी बॉडी में पर्याप्त मात्रा में फाइबर नहीं होता,तब बार-बार भूख का एहसास होता है। दरअसल, फाइबर से भरपूर चीजें भूख कम करने वाले हार्मोन को बनाने का काम करते हैं। इससे पेट काफी समय तक भरा महसूस होता है. ऐसे में खाने में फाइबर को ज्यादा रखना चाहिए।

### ज्यादा तनाव


न्यूट्रिशनिस्ट लवनीत बत्रा बताती हैं कि,आज की लाइफस्टाइल ही तनाव वाली हो गई है. ज्यादा तनाव लेने से शरीर में कॉर्टिसोल नाम का हार्मोन बढ़ जाता है, जिससे बार-बार भूख लगती है. ऐसे में तनाव को कम करने की कोशिश करना चाहिए।

### इन बीमारियों की वजह से भी

डायबिटीज और थायरॉइड जैसी गंभीर बीमारियों में भी बार-बार भूख लगती है। दरअसल, डायबिटीज के मरीजों में ग्लूकोज सेल्स तक नहीं पहुंच पाता, जिससे एनर्जी बनने की बजाए यूरिन के रास्ते बाहर आ जाता है. ऐसे में जब शुगर हाई होता है तो बहुत ज्यादा भूख लगती है. कुछ न कुछ खाने का मन करता है. थायरॉइड हॉर्मोन बढ़ने पर भी जल्दी-जल्दी भूख लगती है।



# सर्दियों में टॉन्सिल की समस्या से हैं परेशान, तो तुरंत आराम दिलाएंगे ये देसी नुस्खे



**टॉन्सिल इन्फेक्शन से आपकी सुरक्षा करते हैं। जब टॉन्सिल में सूजन होता है, तो काफी दर्द महसूस होता है। ऐसे में कुछ भी खाने-पिने में दिक्कत होती है। सर्दियों के मौसम में यह समस्या आम है, लेकिन अगर टॉन्सिल की परेशानी ज्यादा दिनों तक होती है, तो आप डॉक्टर की सलाह जरूर लें। इसके अलावा आप टॉन्सिल के दर्द और सूजन से राहत पाने के लिए कुछ घरेलू उपचार भी अपना सकते हैं। ये नेचुरल चीजें आपको आसानी से किचन में मिल जाएंगी।**

### शहद और हल्दी वाला दूध

दूध में शहद और हल्दी मिलाकर पीने से गले की खराश से राहत पा सकते हैं। शहद और हल्दी में एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो टॉन्सिल से राहत दिलाने में मददगार है। इसके लिए आप गर्म दूध में हल्दी और शहद मिलाएं, फिर इसे पिएं।

### लौंग

लौंग में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं। यह गले की खराश को शांत करने में मददगार है। अगर आपका टॉन्सिल बढ़ा है, तो एक या एक से अधिक लौंग अपने मुंह में रखें, उन्हें चूसें और फिर इसे चबाएं।

### तुलसी की पत्तियां

औषधीय गुणों से भरपूर तुलसी के पत्ते गले की खराश को शांत करने में बेहद कारगर हैं। लोग इन पत्तों का उपयोग सर्दी-खांसी की समस्या से राहत पाने के लिए घरेलू उपचार के रूप में करते हैं। आप तुलसी की पत्तियों को सबसे पहले धो लें, फिर इन पत्तियों को पानी में उबाल लें, फिर इसे छान लें, जब यह गुनगुना हो जाए, तो इसे पिएं। इससे गले की खराश शांत होगा।

### नमक के पानी से गरारे करें

अगर आप टॉन्सिल की परेशानी से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो नमक के पानी से गरारे कर सकते हैं। यह गले की खराश और दर्द को शांत कर सकता है। इसके अलावा आप सूजन से भी राहत पा सकते हैं।

# दूध पीने का सही वक्त क्या है? जब शरीर को मिलता है फायदा वरना हो जाएंगे गैस-एसिडिटी का शिकार

**दूध पीने से शरीर को यह फायदा मिलता है, बच्चों की हाइट बढ़ती है यह आपने अक्सर बड़े-बुजुर्ग के मुंह से सुना होगा. दूध पीना शरीर के लिए काफी अच्छा होता है. यह सभी बातें हम अक्सर सुन लेते हैं. कई लोग सुबह खाली पेट दूध पीना पसंद करते हैं तो कुछ लोग शाम में दूध पीते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं इसके पीने का परफेक्ट टाइमिंग.**



### रात या सुबह दूध किस वक्त पीना चाहिए?

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक शरीर की बनावट और उम्र के हिसाब से दूध पीना चाहिए। कुछ लोगों के लिए सुबह के वक्त दूध पीना फायदेमंद हो सकता है वहीं कुछ लोगों के लिए रात का समय सही रहता है। डॉक्टर्स के मुताबिक दूध किसी भी समय पीजिए यह शरीर को फायदा ही पहुंचाता है.।अगर आपको पेट से जुड़ी कोई दिक्कत है तो दूध पीने का समय बदल लीजिए। नहीं तो इससे आपकी तकलीफ और भी बढ़ जाएगी. 5 साल से ज्यादा उम्र वाले लोगों को सुबह खाली पेट दूध नहीं पीना चाहिए।

### इन लोगों को दिन के वक्त दूध पीना चाहिए

जो लोग बॉडी बनाने के लिए दूध पीते हैं उन्हें दिन के वक्त दूध पीना चाहिए। अगर ऐसे लोग दिन में दूध पीते हैं तो उन्हें पूरे दिन एनर्जी मिलती है। बच्चों को सुबह के वक्त क्रीम से भरपूर दूध पीना चाहिए। इसमें कैल्शियम काफी ज्यादा होती है. और हड्डी भी मजबूत होती है। दूध पीने से शरीर में पोटेशियम, मैग्नीशियम और प्रोटीन भरपूर मात्रा में मिलती है।


### कमजोर मेटाबॉलिज्म वालों को दिन में दूध नहीं पीना चाहिए

बुजुर्गों की फिजिकल एक्टिवीटी काफी कम होती है उन्हें दिन के वक्त दूध नहीं पीना चाहिए। बूढ़े- बुजुर्ग को गाय के दूध पीना चाहिए क्योंकि यह काफी हल्का होता है। यह आसानी से पच जाता है।

### हड्डियों के लिए फायदेमंद है दूध पीना

अगर आप दूध नहीं पीते हैं तो शरीर में कैल्शियम की कमी होने लगती है। दूध में कैल्शियम के साथ-साथ थाइमिन और हड्डी को मजबूत करने की क्षमता होती है. अगर आपको गैस-एसिडिटी की समस्या है तो दूध में शक्कर मिलाकर पिएं।

# सर्दियों का सुपरफूड है घी...जानें इसे सुबह गर्म पानी में मिलाकर पीने के फायदे




**सर्दियों का मौसम कई मायने में काफी अच्छा माना जाता है। इस मौसम में जहां सर्द हवाएं मौसम को खुशनुमा बना देती हैं, तो वहीं खानपान से लिहाज से भी इस सीजन को काफी अच्छा माना जाता है। हालांकि, यह मौसम अपने साथ कई तरह के संक्रमण भी लेकर आता है, जिसकी वजह से लोग अक्सर सर्दी-खांसी और जुकाम का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में खुद को हेल्दी रखने के लिए लोग कई सारे फूड्स को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं। ये फूड्स न सिर्फ सर्दियों में आपको गर्म रखने में मदद करते हैं, बल्कि आपकी इम्युनिटी भी बढ़ाते हैं। घी इन्हीं फूड्स में से एक है, जिसे सर्दियों का सुपरफूड भी कहा जाता है। यह कई पोषक तत्वों से भरपूर होने की वजह से सेहत को गजब के फायदे पहुंचाता है। यही वजह है कि लोग कई तरीकों से इसे अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं। हालांकि, गर्म में घी मिलाकर पीने से भी सेहत को काफी फायदे होते हैं। जानते हैं रोज सुबह गर्म पानी के घी मिलाकर पीने के कुछ फायदे-**

### क्यों सुपरफूड है घी

घी भारतीय रसोई में इस्तेमाल होने वाला पोषक तत्वों से भरपूर एक सुपरफूड है, जिसे कई तरीकों से इस्तेमाल किया जाता है। खाने के अलावा यह धार्मिक प्रथाओं,आयुर्वेदिक और दवाओं आदि के लिए भी काफी उपयोग में आता है। घी विटामिन ए,ईऔर डी से भरपूर होता है, जो मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देने में मदद करता है। साथ ही पाचन, त्वचा के स्वास्थ्य, इम्युनिटी और हड्डियों मजबूत बनाने में मदद करता है। आइए जानते हैं गर्म पानी घी मिलाकर पीने के फायदे-

### जोड़ों का दर्द दूर करे

सर्दियों में अक्सर जोड़ों का दर्द बढ़ जाता है, जिसकी वजह से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में घी में मौजूद चिकनाई वाले गुण जोड़ों के इस दर्द को कम करने और इसे मजबूत बनाने में मदद कर सकते हैं।

### त्वचा को हेल्दी बनाए

ठंड के इस मौसम में सर्द हवाएं अक्सर त्वचा की नमी छीन लेती है। ऐसे में रोजाना गर्म पानी के साथ घी पीने से त्वचा को जरूरी पोषण मिलता है। घी में जरूरी फैटी एसिड और विटामिन भरपूर मात्रा में होते हैं, जिसके नियमित सेवन से आपकी त्वचा का नेचुरल ग्लो बढ़ता है और स्किन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में मदद मिलती है।

### पाचन को बेहतर बनाए

अगर आप अक्सर पाचन संबंधी समस्याओं से परेशान रहते हैं, तो गर्म पानी में घी मिलाकर पीने से आपको काफी फायदा मिलेगा। रोजाना इसे पीने से यह डाइजेस्टिव एंजाइम्स के सीक्रिशन को बढ़ाता है, जिससे पाचन बेहतर होता है।

### वेट मैनेजमेंट में मदद करे

घी हेल्दी फैट का एक बढ़िया स्त्रोत होता है, जो लंबे समय तक आपका पेट भरा रखता है। साथ ही यह आपकी क्रेविंग्स को भी शांत करता है, जिससे आप एक्स्ट्रा खाने से बचे रहते हैं और आपका वेट मैनेज करने में मदद मिलती है।

### बॉडी डिटॉक्स करने में कारगर

गर्म पानी शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। साथ ही इसमें घी मिलाकर पीने से बॉडी डिटॉक्स करने में बेहतर तरीके से मदद मिलती है। दरअसल, घी में डिटॉक्सिफाइंग प्रॉपटीज पाई जाती है, जो बॉडी डिटॉक्स करने में कारगर होता है।

# हार का बदला लेने उतरेगी भारतीय टीम



» एसकेवाई की कप्तानी में युवा खिलाड़ी चटाएंगे धूल

विशाखापत्तनम, 22 नवम्बर 2023। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान हो चुका है। वनडे वर्ल्ड कप में हर की बुरी यादों को भूलाकर भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 23 नवंबर को मैदान में उतरेगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का आयोजन किया जाना है।

इस टी 20 सीरीज में कई स्टार खिलाड़ियों को शामिल नहीं किया गया है। इस सीरीज में रोहित शर्मा, विराट कोहली, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और मोहम्मद शमी को आराम दिया गया है। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम सूर्य कुमार यादव की कप्तानी में खेलेगी।

### विशाखापत्तनम में होगा पहला मुकाबला

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी 20 सीरीज का पहला मुकाबला विशाखापट्टनम में खेला जाना है। वाय.एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-व्हिडीसीए क्रिकेट मैदान पर होने वाला यह मुकाबला शाम 7:00 बजे से शुरू होगा।

### यशस्वी और ऋतुराज करेंगे ओपनिंग

इस टूर्नामेंट में यशस्वी जयसवाल और ऋतुराज गायकवाड ओपनिंग बैट्समैन होंगे। तीसरे नंबर पर तिलक वर्मा को उतारा जाएगा। इससे पहले एशियाई गेम्स के दौरान भी टॉप 3 में इन्हीं तीन खिलाड़ियों को जगह दी गई थी। मिडिल ऑर्डर में सूर्य कुमार यादव बल्लेबाजी करने उतरेंगे। इसके बाद ईशान किशन या जितेश शर्मा को मौका दिया जा सकता है। मैच में दोनों खिलाड़ियों में से किसी एक पर विकेट कीपिंग की जिम्मेदारी भी होगी। छठे नंबर पर आईपीएल स्टार रिंकू सिंह को मौका दिया जा सकता है।

बल्लेबाजों के अलावा गेंदबाजी में अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। इसके अलावा आवेश खान, मुकेश कुमार और अर्शदीप सिंह भी गेंद से बल्लेबाजों को परेशान करते दिखेंगे। बता दें कि टीम में प्रसिद्ध कृष्णा भी शामिल किए गए हैं। हालांकि उन्हें मौका दिया जाएगा या नहीं इस पर संदेह बना हुआ है।

**संभावित प्लेइंग इलेवन**

यशस्वी जायसवाल, रुतुराज गायकवाड़, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन/जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, आवेश खान, अर्शदीप सिंह और मुकेश कुमार



# पंकज आडवाणी ने फिर रचा इतिहास

» 26 वीं बार जीता वर्ल्ड बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का खिताब

नई दिल्ली,22 नवम्बर 2023। भारत के दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने दोहा में आयोजित टूर्नामेंट के फाइनल में इतिहास रच दिया है। दरअसल, पंकज ने अपने हमवतन सौरव कोठारी को हराकर 26वीं बार आईबीएसएफ वर्ल्ड बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। शुरुआती घंटे में 26-180 से पिछड़ने के बाद आडवाणी ने कुआलालंपुर में पिछले साल के खिताबी मुकाबले की पुनरावृति में 2018 के वर्ल्ड चैंपियन कोठारी को 1000-416 से हराया। सौरव कोठारी शुरुआती बढ़त बनाने के बाद मजबूत स्थिति में थे, लेकिन कुछ मौकों पर उन्होंने आसान गलतियां करके आडवाणी को वापसी करने का मौका दिया। आडवाणी ने इसके बाद 150 से ज्यादा अंक के कुछ ब्रेक के साथ अपनी स्थिति मजबूत की जबकि कोठारी मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रहे। आडवाणी ने एक बार मैच का सर्वोच्च 214 अंक का ब्रेक भी बनाया जिसके बाद उन्हें जीत दर्ज करने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। वापसी करने के बाद आडवाणी ने मैच में अधिकांश समय 250 अंक के आसपास की बढ़त बनाए रखी। कोठारी ने इस बीच 99 के ब्रेक से आडवाणी की बढ़त को 150 रन तक सीमित किया। हालांकि, बेंगलुरू के आडवाणी ने इसके बाद 199 के अटूट ब्रेक के साथ एक हजार अंक के आंकड़े को छूकर जीत दर्ज की। वहीं पंकज आडवाणी ने जीत के बाद कहा कि, मैं पहले भी जीत चुका हूं इसलिए मुझे इस अहसास के बारे में पता है। लेकिन साल दर साल कई बार इसे जीतना कौशल, शरीर और दिमाग पर की गई घंटों की कड़ी मेहनत को सही साबित करता है। मेरे लिए निरंतरता सफलता की कुंजी है और देश के लिए वर्ल्ड कप खिताब जीतने को लेकर मैं सबसे ज्यादा प्रेरित होता हूं।



## आईसीसी ने इंटरनेशनल वीमेंस क्रिकेट में ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों के खेलने पर लगाया बैन

लंदन,22 नवम्बर 2023। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद यानी आईसीसी ने एक बड़ा फैसला लिया है। दरअसल, आईसीसी ने ट्रांसजेंडर क्रिकेटरों का महिला क्रिकेट में खेलने पर बैन लगा दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रांसजेंडर खिलाड़ी जो किसी भी प्रकार के पुरुष यौवन से गुजर चुके हैं उन्हें अंतर्राष्ट्रीय महिला खेलों में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। वहीं इस मामले पर आईसीसी ने कहा है कि वह खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए ये फैसला कर रहा है। बोर्ड ने हितधारकों के साथ नौ महीने की बातचीत के बाद इसे आखिरी रूप दिया है और ट्रांसजेंडर के महिला क्रिकेट में खेलने पर बैन लगाया है।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा है कि, इन नियमों में बदलाव एक व्यापक परामर्श प्रक्रिया के परिणामस्वरूप हुआ है और ये साइंस पर आधारित है। एक केल के रूप में समावेशिता हमारे लिए अविश्वसनीय रूप से अहम है। लेकिन हमारी प्राथमिकता अंतर्राष्ट्रीय महिला खेल की अखंडता और खिलाड़ियों की सुरक्षा की रक्षा करना था।

# आईसीसी ने श्रीलंका से छीनी वर्ल्ड कप की मेजबानी



नई दिल्ली ,22 नवम्बर 2023। श्रीलंका क्रिकेट में चल रही उठापटक के बीच आईसीसी की तरफ से एक और बड़ा निर्णय लिया गया है। श्रीलंका से अंडर 19 वर्ल्ड कप की मेजबानी छीन ली गई है। श्रीलंका क्रिकेट में प्रशासनिक अनिश्चितता को देखते हुए आईसीसी बोर्ड ने यह फैसला लिया है। इससे पहले आईसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट को अपने बोर्ड मेम्बर्स से सस्पेंड कर दिया था। श्रीलंकाई सरकार ने क्रिकेट बोर्ड के सभी सदस्यों को निलंबित कर एक समिति का गठन किया था। इसका अंतरिम अध्यक्ष पूर्व कप्तान अर्जुन रणतुंगा को बनाया गया था।आईसीसी ने अंडर 19 वर्ल्ड कप अब शिफ्ट कर दिया है। श्रीलंका के बजाय वर्ल्ड कप दक्षिण अफ्रीका में आयोजित किया जाएगा। बोर्ड ने यह भी कहा कि श्रीलंका क्रिकेट पर लगा प्रतिबंध नहीं हटाया जाएगा। क्रिकेट गतिविधियाँ वहां चलती रहेंगी। क्रिकबज ने आईसीसी के सूत्र के हवाले से कहा है कि बोर्ड सदस्यों ने सर्वसम्मति से फैसला लिया था कि श्रीलंका क्रिकेट के ऊपर लगे बैन को नहीं हटाया जाए। इस देश में क्रिकेट पहले की तरह चलेगा। अपदस्थ प्रेसिडेंट सम्मी सिल्वा ने अहमदाबाद में हुई आईसीसी की मीटिंग में हिस्सा लिया।अंडर 19 वर्ल्ड कप का आयोजन 14 जनवरी से लेकर 15 जनवरी के बीच होना था। क्रिकबज से बातचीत में क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के एक सदस्य ने कहा कि साउथ अफ्रीका टी20 के साथ इस आयोजन को कराया जा सकता है। गौरतलब है कि अंडर 19 वर्ल्ड कप के समय साउथ अफ्रीका टी20 टूर्नामेंट का आयोजन भी है।

## फिनलैंड गत चैंपियन कनाडा को हराकर डेविस कप के सेमीफाइनल में



कनाडा,22 नवम्बर 2023। फिनलैंड ने पिछली बार के चैंपियन और दुनिया की नंबर एक टीम कनाडा को हराकर पहली बार डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दक्षिणी स्पेन के शहर में खेली जा रही प्रतियोगिता के पहले क्वार्टर फाइनल में ओटो वर्टेनन और हैरी हेलियोवारा ने निर्णायक युगल मैच में एलेक्सिस गैलारन्यू और वासेक पोस्पिसिल को 7-5, 6-3 से हराकर 14वीं रैंकिंग वाले फिनलैंड को जीत दिलाई।

वर्टेनन ने दूसरे एकल मैच में गैब्रियल डायलो को 6-4, 7-5 से हराकर फिनलैंड की उम्मीदों को जीवंत रखा था। इससे पहले मिलोस राओनिच ने पैट्रिक कौकोवल्टा पर 6-3, 7-5 से जीत के साथ कनाडा को शुरुआती बढ़त दिलाई थी।

क्वार्टर फाइनल के अन्य मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया का सामना चेक गणराज्य से, इटली का सामना नीदरलैंड से और ग्रेट ब्रिटेन का सामना सर्बिया से होगा। ऑस्ट्रेलिया और चेक गणराज्य के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता टीम सेमीफाइनल में फिनलैंड से भिड़ेगी। सेमीफाइनल शुक्रवार और शनिवार को खेले जाएंगे जबकि फाइनल रविवार को होगा।

## रोहित शर्मा के खिलाफ बीसीसीआई लेगा एक्शन?

» अजीत अगरकर के साथ बैठकर चर्चा कर सकते हैं कप्तान



नई दिल्ली ,22 नवम्बर 2023। वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीसीआई ने अगले चार साल का प्लान बनाने का फैसला किया है। इसके लिए बीसीसीआई टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर के साथ मीटिंग करेगी। इस दौरान रोहित से कई सवाल भी किए जा सकते हैं।

वहीं रोहित को व्हाइट बॉल क्रिकेट में भविष्य क्या है और फ्यूचर कैप्टन टीम इंडिया का कौन होगा? इसे लेकर भी चर्चा हो सकती है।

रोहित शर्मा पिछले एक साल से टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट टीम का हिस्सा नहीं हैं। वहीं रिपोर्ट की मानें तो उन्होंने चयनकर्ताओं को स्पष्ट कर दिया है कि उनको टीम में नहीं चुने जाने से निराशा नहीं है।

टीओआई की रिपोर्ट के अनुसार सूत्रों ने भी पुष्टि की है कि रोहित शर्मा पहले ही चयनकर्ताओं को बता चुके हैं कि टी20 के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किए जाने से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। चयनकर्ता युवा खिलाड़ियों में निवेश करने के इच्छुक हैं। रोहित अपने वनडे करियर को कैसे देखते हैं। 2027 में साउथ अफ्रीका में अगले एकदिवसीय वर्ल्ड कप तक रोहित लगभग 40 वर्ष के हो जाएंगे। अगल बड़ा एकदिवसीय टूर्नामेंट 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी होगी, जो पाकिस्तान में आयोजित होने वाली है। वहीं, अगले एक साल में भारत को केवल 6 वनडे मैच खेलने हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, वनडे वर्ल्ड कप से पहले, रोहित ने बताया था कि टी20 के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किए जाने से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। चयनकर्ता पिछले एक साल से टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में युवाओं पर भारी निवेश कर रहे हैं। अगले साल जून में टी20 वर्ल्ड कप होने के कारण, वे उस रणनीति से हटने को तैयार नहीं हैं।

बीसीसीआई के सूत्र ने आगे बताया कि, चयन समिति का स्पष्ट कहना है कि वह ऐसे खिलाड़ियों को तैयार करना चाहती है जो लंबे समय तक एक साथ खेल सकें। श्रेयस अय्यर के टेस्ट में वापस आने और शुबमन गिल के नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने से रहाणे के लिए टीम में गुंजाइश ना के बराबर होगी। केएल राहुल पर भी टेस्ट मैचों के लिए विचार किया जा सकता है। वह बैकअप विकेटकीपिंग विकल्प हो सकते हैं।

## गौतम गंभीर ने लखनऊ सुपर जायंट्स का साथ छोड़ा

### केकेआर में हुई वापसी

नई दिल्ली ,22 नवम्बर 2023। आईपीएल 2024 से पहले गौतम गंभीर लखनऊ सुपर जायंट्स से अलग हो गए हैं। इसके बाद वह कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़ गए हैं। दरअसल, गंभीर लखनऊ सुपर जायंट्स के पहले सीजन से बतौर मेंटॉर के पद पर थे, जिसके बाद बुधवार को उन्होंने घोषणा करते हुए केकेआर से जुड़ने की जानकारी दी। केकेआर में वो बतौर मेंटॉर नियुक्त हुए हैं।

गौतम गंभीर ने एलएसजी से अलग होने के बात ट्वीट करते हुए सभी खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ, प्लेयर्स के साथ सभी का आभार जताया है। साथ ही भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं।

गंभीर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, ÷मैं लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ अपनी शानदार सफर की समाप्ति की घोषणा करता हूं। मैं सभी खिलाड़ियों, कोचों, सहयोगी स्टाफ और यात्रा को यादगार बनाने वाले हर व्यक्ति के प्रति प्यार और आभार व्यक्त करता हूं।÷ साथ ही गंभीर ने लिखा कि, मैं डॉ संजीव गोयनका को इस अद्भुत फ्रेंचाइजी के निर्माण में उनके प्रेरक नेतृत्व और मेरे सभी प्रयासों में उनके




जबरदस्त समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मुझे यकीन है कि टीम भविष्य में चमत्कार करेगी और सभी एलएसजी फैंस को गौरवान्वित करेगी। आपको भविष्य के लिए शुभकामनाएं। बता दें कि, गौतम गंभीर को केकेआर ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए मेंटॉर के रूप में नियुक्त किया है। 2011-17 तक गंभीर का केकेर के साथ ऐतिहासिक जुडाव रहा है। इस समय के दौरान उन्होंने टीम को दो बार विजेता बनाया है। पांच बार प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने और 2014 में चैंपियंस लीग टी20 के फाइनल में पहुंची है।

केकेआर में जुड़ने के बाद गंभीर ने कहा कि मैं भावुक व्यक्ति नहीं हूं और बहुत सी चीजें मुझे प्रभावित नहीं करतीं। लेकिन ये अलग है। यह वहीं पर वापस आ गया है जहां से ये सब शुरू हुआ था। आज, जब मैं एक बार फिर उस पर्पल और सुनहरे रंग की जर्सी पहनने के बारे में सोच रहा हूं तो मेरे गले में रुंधन और दिल में आग है। मैं न केवल केकेआर में वापसी कर रहा हूं। बल्कि मैं आनंद के शहर में वापस आ रहा हूं। मैं वापस आ गया हूं, मैं भूखा हूं। मैं 23वें नंबर पर हूं अमी केकेआर।

## अर्जेंटीना ने विश्व कप क्वॉली फाइंग मैच में ब्राजील को 1-0 से हराया

ब्राजील ,22 नवम्बर 2023।विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने निकोलस ओटामेंडी के गोल की मदद से विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग मैच में अपने चिर प्रतिद्वंदी ब्राजील को 1-0 से हराया। मकराना स्टेडियम में हजारों दर्शक लियोनेल मेसी को संभवतः ब्राजील में आखिरी बार खेलते हुए देखने के लिए पहुंचे थे लेकिन वह ओटामेंडी थे जिनके 63वें मिनट में किए गए गोल ने मैच का परिणाम तय किया। दर्शकों के बीच झगड़े के कारण खेल देर से शुरू हुआ। ब्राजील की यह विश्व कप क्वालीफाइंग में अपने घरेलू मैदान पर पहली हार है। राउंड रोबिन आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में ब्राजील की यह लगातार तीसरी पराजय है जो नए कोच फर्नांडो डिनिज़ के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। मेसी जब 78वें मिनट में मैदान छोड़कर बाहर निकले तो ब्राजील के प्रशंसकों ने भी तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। मकराना स्टेडियम में कई ऐसे बच्चे पहुंचे थे जिन्होंने बार्सिलोना की जर्सी पहन रखी थी।मेसी लंबे समय तक बार्सिलोना के लिए खेलते रहे लेकिन वह वर्तमान में अमेरिका के क्लब इंटर मियामी की तरफ से खेल रहे हैं। मैच शुरू होने से ठीक पहले राष्ट्रीय गान के बाद दर्शक एक दूसरे से भिड़ गए जिसके कारण मैच निर्धारित समय से 27 मिनट देर से शुरू हुआ। इस बीच अर्जेंटीना की टीम 22 मिनट तक लाकर रूम में रही। रियो पुलिस ने कहा कि उसने इस झगड़े के लिए जिम्मेदार आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। अर्जेंटीना 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में छह मैच में 15 अंक लेकर शीर्ष पर है।

# सिंघम अगेन से अजय देवगन की पहली झलक आई सामने

अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. फिल्म से कई सेलेब्स के लुक सामने आ चुके हैं और अजय देवगन का फिल्म से लुक सामने आ गया है. अजय देवगन के लुक का फैंस को इंतजार था. आज ये इंतजार खत्म हो गया है और रोहित शेट्टी ने अजय देवगन का फर्स्ट लुक शेयर कर दिया है.




रोहित शेट्टी ने अजय देवगन का लुक शेयर करते हुए लिखा- शेर आतंक मचाता है और जख्मी शेर तबाही. सबका फेवरेट पुलिसवाला. बाजीराव सिंघम वापस आ गया है. सिंघम अगेन.

अजय देवगन का सिंघम अगेन से पहला लुक देखने के बाद फैंस एक्साइटेड हो गए हैं. वह रोहित शेट्टी के पोस्ट पर ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं. एक यूजर ने लिखा- सुपर सर. साथ में फायर इमोजी पोस्ट की. वहीं दूसरे ने लिखा- अब इंतजार नहीं हो रहा है.

सिंघम अगेन को रोहित शेट्टी ने डायरेक्ट किया है. ये सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है. अजय देवगन बाजीराव सिंघम में किरदार में नजर आएंगे. अजय के इस किरदार को हमेशा पसंद किया गया है.

अजय देवगन के अलावा करीना कपूर फिल्म में फीमेल लीड में नजर आएंगी. अजय ने हाल ही में करीना का लुक शेयर किया था. अजय ने फोटो शेयर करते हुए लिखा था- भयंकर, मजबूत और सिंघम की ताकत. अवनी सिंघम. फोटो में करीना हाथ में गन ताने नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर चोट के निशान हैं. करीना के अलावा फिल्म में दीपिका पादुकोण और टाइगर श्रॉफ भी नजर आने वाले हैं.

सिंघम अगेन की रिलीज डेट की बात करें तो ये फिल्म 15 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. फिल्म का क्लैश अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 से होगा. दोनों ही फिल्में एक-दूसरे पर भारी पड़ने वाली हैं.

## कृति सैनन की बहन होने के फायदे के साथ नुकसान भी :नुपुर सैनन



बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन की बहन नुपुर सैनन ने म्यूजिक वीडियो से फिल्मी दुनिया में अपने सफर की शुरुआत की थी।हाल ही में नुपुर ने रवि तेजा की फिल्म टाइगर नागेश्वर राव के साथ तेलुगु सिनेमा में भी अपने कदम रखे हैं।अब नुपुर ने कृति और उनके एक ही इंडस्ट्री में होने पर बात की है।नुपुर मानती हैं कि उन्हें कृति की वजह से काफी फायदा हुआ है, लेकिन इसका कुछ नुकसान भी होता है।नुपुर मानती हैं कि जिंदगी में किसी ऐसे व्यक्ति का होना अच्छा होता है, जो आपका उस जगह मार्गदर्शन कर सके, जहां आप नए हैं।उन्होंने कहा, कृति के होने से मुझे फिल्मी दुनिया को समझने में मदद मिली, क्योंकि मैं जहां से आई हूं, ये उससे बहुत अलग है। मुझे पता चला कि किससे कैसे बात करनी चाहिए और कौन कैसा है। हालांकि, दोनों बहनों के एक इंडस्ट्री से होने के फायदा और नुकसान होते हैं।नुपुर कहती हैं, जब मैं नुकसान की बात कहती हूं तो इसका मतलब ये है कि आपको अपने नाम से पहचान बनाने में मशक्कत करनी पड़ती है।उन्होंने कहा, जब आपके परिवार में एक शख्स ने बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है तो यह मुश्किल होता है। अगर मैं बिना सैनन की पहचान के फिल्म पॉप कौन से शुरुआत करती तो लोग मुझे अलग नजर से देखते। अब लोग कहते हैं कि अरे उसमें कृति की बहन थी ना। नुपुर अपनी बहन कृति से अलग पहचान बनाना चाहती हैं, इसलिए वह अलग विकल्प चुनकर आगे बढ़ रही हैं।

# स्टारफिश का ट्रेलर जारी

टी-सीरीज के मालिक और फिल्म निर्माता भूषण कुमार की छोटी बहन और अभिनेत्री खुशाली कुमार पिछले कुछ वक्त से अपनी आगामी फिल्म स्टारफिश को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में मिलिंद सोमन, एहान भट और तुषार खन्ना भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने स्टारफिश का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसकी कहानी बीना नायक की चर्चित किताब स्टारफिश पिकल पर आधारित है। इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी अखिलेश जायसवाल के कंधों पर है।




ट्रेलर में खुशाली तारा के किरदार फिल्म का मुख्य केंद्र बिंदु नजर आ रही हैं, जिससे ये साफ कहा जा सकता की इस फिल्म की पूरी कहानी उनके इर्द गिर्द घूमती है। हालांकि स्टारफिश के इस ट्रेलर से भी प्रेरित होता है कि इस फिल्म में समंदर के पानी के नीचे की रहस्यम दुनिया के पहलूओं को भी दिखाया जाएगा।

सस्पेंस और ड्रामा स्टारफिश के ट्रेलर में दिखाई दे रहा है। जिसे देखने को बाद यकीनन स्टारफिश के लिए फैंस का उत्साह बढ़ने वाला है। कुल मिलाकार कहा जाए तो स्टारफिश का ये ट्रेलर काफी रोमांचक है। किताब स्टारफिश पिकल एक कुशल गोताखोर तारा सलगांवकर की जिंदगी के इर्द-गिर्द है। तारा अपने आसपास के सभी लोगों के लिए एक रहस्य है। फिल्म में खुशाली तारा का किरदार अदा करेंगी, जिसका एक बुरा अतीत है।स्टारफिश 24 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।टिकट खिड़की पर इस फिल्म का सीधा सामना सलमान खान की फिल्म फर्रे से होगा। इस फिल्म के जरिए सलमान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं।

CMYK

## बृजमोहन से बड़ा गुंडा कौन वाले बयान पर छत्तीसगढ़ के राजनीतिक सियासत में मच रहा बवाल

# मुख्यमंत्री और सुशील आनंद को भेजा नोटिस

**रायपुर,22 नवम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में राजनीतिक हलचलों के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस संचार विभाग प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला को बीजेपी के वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने मानहानि का नोटिस भेजा है।
पूर्व मंत्री और बीजेपी प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल द्वारा भेजे गए मानहानि का नोटिस उनके अधिवक्ता के जरिए भेजा गया है। बता दें कि विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के दौरान रायपुर दक्षिण से बीजेपी प्रत्याशी बृजमोहन पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया था।


फाईल:फोटो

रचार और जनसंपर्क के दौरान उनपर कथित तौर पर एक शातिर युवक ने झूमाझटकी। उस वक्त बीजेपी ने इसे प्लांटेड और टार्गेटेड बताया था। जवाब में घटना पर बयान देते समय मिडिया के सामने ष्टरू भूपेश बघेल और प्रेस वार्ता में संचार विभाग के चेयरमेन सुशील आनंद शुक्ल ने अटपटा बयान दिया था।
जानकारी के मुताबिक कांग्रेस के नेताओं ने कहा था कि बृजमोहन से बड़ा गुंडा कौन और बृजमोहन हमले की नौटंकी कर रहे। बयान के करीब पखवाड़े भर बाद बीजेपी विधायक द्वारा मानहानि का नोटिस भेजने की खबर है। बता दें हमलावर युवक थाना मुचलका में जमानत पर है।

## सीजीपीएससी 2023 के एग्जाम के लिए अधिसूचना जल्द होगी जारी




**रायपुर,22 नवम्बर 2023(ए)।** वर्ष 22 में विवादास्पद तरीके से चयनितों की ज्वाइनिंग पर हाईकोर्ट की रोक के बीच राज्य लोक सेवा आयोग वर्ष- 23 बैच के लिए एक दो दिन में पद विग्याापित करने जा रहा है। इस वर्ष राज्य सेवा के करीब 230 पदों की भर्ती की जानी है।
पीएससी सूत्रों ने बताया कि चूंकि अभी आचार संहिता लगी हुई है और पीएससी हर वर्ष 26 नवंबर को नई भर्ती के पद विज्ञापित करता है। तो उसने जीरो ईयर से बचने चुनाव आयोग से अनुमति मांगी है। आयोग से हरी झंडी मिलते ही आवेदन आमंत्रित करने पद विज्ञापित कर दिए जाएंगे। आयोग के सचिव जेके ध्रुव ने बताया कि बस एक, दो दिन में विज्ञापन जारी कर दिए जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि इस वर्ष राज्य स्तरीय प्रथम श्रेणी अफसरों के 230 पद मंजूर किए गए हैं। इनमें डिप्टी कलेक्टरों के मात्र आठ पद बताए गए हैं। इनके लिए आवेदन प्रकिया दिसंबर, जनवरी में पूरी की जाएगी। उसके बाद प्रारंभिक परीक्षा (प्रिलिम्स) फरवरी और अंतिम चयन परीक्षा( मेन्स) जून में लिए जाते हैं। सितंबर में साक्षात्कार के बाद अक्टूबर में अंतिम चयन सूची की घोषणा की जाती है।

## लोकसभा चुनाव के लिए अभी से माहौल बनाने में उतरी भाजपा



### » कांग्रेस के विवादित पोस्ट को प्रचारित करने का दिया जा रहा है टास्क

**रायपुर,22 नवम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के परिणाम जल्द घोषित होने वाले हैं। वहीं भाजपा लोकसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुट गई है। 2023 विधानसभा चुनाव सम्पन्न होते ही भाजपा के नेता अलर्ट हो गए हैं। सोशल मीडिया में पैनी नजर बनाए रखे हुए हैं। वहीं टीम को भी अलर्ट कर दिया गया है।
अब विधानसभा के बाद लोकसभा चुनाव की गर्मी धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। राजनीतिक दल अपनी तैयारियों को धार देना शुरू कर दिए है। राजनीतिक पार्टियों का इस समय सबसे ज्यादा फोकस लोकसभा से पहले छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव पर है। इन सबके बीच अपनी राजनीतिक नैया पार लगाने के लिए नेताओं ने भी अभी से हाथ-पैर मारने शुरू कर दिए हैं।लोकसभा को लेकर केंद्र सरकार की योजनाओं को अधिक से अधिक पोस्ट करने की कवायद भी तेज हो गई है। कांग्रेस के विवादित पोस्ट और घोटाले संबंधित पोस्ट प्रचारित करने का टास्क दिया जा रहा है। भाजपाई अपनी सत्ता बरकरार रखने के लिए जोरो शोरों से तैयारियों में लगे हुए हैं।

# रेलवे का फुट ओवरब्रिज का निर्माण अधूरा

### हाई कोर्ट ने स्वयं संज्ञान लेकर रेलवे से मांगा जवाब

**बिलासपुर,22 नवम्बर 2023(ए)।** प्रदेश की न्यायाधानी बिलासपुर शहर में रेलवे द्वारा फुट ओवरब्रिज निर्माण कराया जा रहा है जो बीते चार साल से अधूरा पड़ा है। जिससे नागरिकों एवं स्कूली बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य मार्ग होने के कारण इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों नागरिक एवं स्कूली बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर स्कूल आते जाते हैं। निर्माणाधीन फुट ओवरब्रिज के अधूरे निर्माण को लेकर नागरिकों एवं बुद्धिजीवियों की ओर से लगातार ध्यानाकर्षण कराए जाने के बावजूद रेलवे द्वारा अब तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया ।
बच्चों द्वारा जान जोखिम में डाल कर पटरी पार करते हुए मीडिया में आई फोटो सहित खबरों को देखकर हाईकोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वयं संज्ञान में लिया है। कोर्ट



ने मीडिया की खबरों को लेकर जनहित याचिका के रूप में स्वीकार करते हुए चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने रेलवे को 48 घंटे में जवाब देने कहा है। मामले की अगली सुनवाई 24 नवंबर को होगी।
रेलवे की ओर से केंद्र सरकार के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा उपस्थित हुए. उनसे चीफ जस्टिस ने पूछा कि रेलवे ऑफिसर्स क्या कर रहे हैं? उन्हें यह पता नहीं है कि कौन सा काम अधिक जरूरी है। इस तरह से हजारों बच्चों की जिंदगियों को रेल पटरी के भरोसे पर छोड़ना बेहद शर्मनाक है।
हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और भारतीय रेलवे से साफ कहा कि आप इस एफओबी का क्या करेंगे और कैसे पूरा करेंगे। हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार और रेलवे से 48 घंटे के भीतर निर्माणाधीन फुट ओवर ब्रिज के संबंध में जवाब मांगा है। बता दें कि रेलवे स्टेशन के दूसरी ओर ढाई लाख से अधिक लोग रहते हैं लाखों लोगों को स्टेशन के इस तरफ आने-जाने के लिए बनाया गया पुराना फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) सालों पहले टूट चुका है. रेलवे ने नया एफओबी बनाने का काम शुरू किया, लेकिन 4 साल बाद भी इसका निर्माण पूरा नहीं हो पाया।

### गृहमंत्री और सीएम के जिले में कानून व्यवस्था ठप्प

# सरेआम हो रहा हमला

**भिलाई,22 नवम्बर 2023(ए)।** दुर्ग जिले का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ बदमाश एक युवक को पहले चाकू मारे, इसके बाद जब वो युवक बेहोश होकर जमीन पर गिर गया तो आरोपियों ने लोहे की रॉड से बेरहमी से हमला किया। दरअसल, वायरल वीडियो सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। दोपहर करीब 12 बजे उतई चौक की ये घटना है। डिपरापारा मोची मोहल्ला निवासी गौतम कन्नौजिया (21 वर्ष) दुर्ग उतई चौक पर खड़ा था। उसी समय इंदिरा नगर निवासी थाना आदतन गुंडा बदमाश गणेश उड़िया अपने करीब आधा दर्जन साथियों के साथ पहुंचा। सभी के हाथ में चाकू, रॉड, डंडा और लोहे का सरिया था। सभी आरोपी



बाइक से उतरे और गौतम कन्नौजिया पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला करने लगे। इसके बाद जब गौतम उतई चौक पर ही जमीन पर गिर गया तो गणेश उड़िया और उसके साथी सरिया से बड़ी बेरहमी से प्राणघातक हमला करने लगे। इस दौरान उनका एक साथी अपने मोबाइल से वीडियो बना रहा था। मारपीट की घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

# निर्वाचन आयोग ने डीए बढ़ाने की दी स्वीकृति

**रायपुर, 22 नवम्बर 2023 (ए)।** राज्य सरकार जल्द ही छत्तीसगढ़ के शासकीय कर्मचारियों को बहुप्रतिक्षित DA मामले में बबाड़ी राहत देने वाली है। केंद्र के समान डीए छत्तीसगढ़ के शासकीय कर्मचारी को देने की बात सीएम भूपेश बघेल की है।
मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लिखा कि इसके लिए अधिकारियों को निर्वाचन आयोग से विधिवत अनुमति प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है। जल्द ही इस बाबत आदेश जारी करेगी।
बता दें कि छत्तीसगढ़ में अभी 42 प्रतिशत डीए मिल रहा है। जबकि, केंद्र सरकार में 46 प्रतिशत। बढ़ोतरी के बाद अब छत्तीसगढ़ में भी DA-42 प्रतिशत से बढ़कर 46 प्रतिशत हो जायेगा। छत्तीसगढ़ में अभी 42 प्रतिशत डीए मिल रहा है। जबकि, केंद्र सरकार में 46 प्रतिशत। याने केंद्र



से चार परसेंट पीछे है।

### महंगाई भत्ते में वृद्धि की अनुमति देने पर रमन सिंह ने चुनाव आयोग का जताया आभार

महंगाई भत्ते में वृद्धि की अनुमति देने पर रमन सिंह ने चुनाव आयोग का आभार जताया है. उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा,आपका बहुत आभार और धन्यवाद कि आपने हमारे छत्तीसगढ़ के अधिकारियों व कर्मचारियों के हित को ध्यान में रखकर यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। महंगाई भत्ते में वृद्धि से अब प्रशासन की सेवा में समर्पित सभी कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी, आप सभी को बहुत शुभकामनाएँ।
दरअसल आयोग ने प्रदेश के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी को अपनी स्वीकृति दे दी है। इस तरह कर्मियों के डीए 4 प्रतिशत वृद्धि का रास्ता भी साफ हो गया है। आयोग की इजाजत एक बाद अब राज्य सरकार की तरफ से आदेश जारी किया जाएगा।



## सर्चिंग के दौरान सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में आईईडी किया बरामद

**जगदलपुर,22 नवम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ और ओडिशा को सीमावर्ती इलाके में सर्चिंग के दौरान सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में आईईडी बरामद किया। मिली जानकारी के अनुसार नक्सली अक्सर अपनी कायराना करतूतों को अंजाम देने की फिराक में लगे रहते है। वहीं जवानों ने भी लाल आतंक को मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी कर ली है। राज्य में लगातार सुरक्षाबलों का एंटी नक्सल ऑपरेशन जारी है। सर्चिंग के दौरान छत्तीसगढ़ और ओडिशा को सीमावर्ती इलाके मलकानगिरी में जवानों ने 13 आईईडी, देशी बंदूक जिलेटिन करडेक्स के आलावा भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया। वहीं सुरक्षाबलों का एंटी नक्सल अभियान भी जारी है।

# चुनाव से संबंधित भ्रामक,असत्य खबर और भड़काऊ भाषण पर होगी कार्रवाई

**नारायणपुर,22 नवम्बर 2023 (ए)।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत छत्तीसगढ़ में आदर्श आचरण संहिता लागू है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति भड़काऊ भाषण देता है या निर्वाचन से जुड़े किसी भी मतदान केन्द्र, मतदान सामग्री, ईव्हीएम, स्ट्रांग रूम आदि के संबंध में किसी व्यक्ति के द्वारा किसी भी प्रकार भ्रामक या असत्य खबर किसी भी माध्यम से प्रसारित करने पर कार्रवाई होगी।
वह मीडिया जिसमें वह सोशल मीडिया के फेसबुक, व्हाटसअप ग्रूप, इंस्टाग्राम, एक्स (पूर्व नाम ट्विटर) पर प्रसारित करता है तो उस व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 505, 125, 153ए, 153 बी 295ए, 298, 171 सी, 171जी से केस दर्ज होगा। जिसके अधिकांश धारा में बिना वारंट की गिरफ्तार किया जा




सकता है और जमानतीय धारा भी नहीं है। इन धाराओं में तीन वर्ष की सजा और जुर्माना दोनों शामिल किया गया है।
30 नवंबर तक एग्जिट पोल का आयोजन और प्रसार करने पर आरपी एक्ट 1951 की धारा लागू होगा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 30 नवम्बर 2023 अपरान्ह 6.30 बजे तक किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा मीडिया में इसके परिणाम के प्रकाशन, प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध किया गया है, जिसमें संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123 (3ए),125, 126 लागू होगा।

## कांग्रेस के घोषणा-पत्र पर सभी वर्ग ने किया भरोसा : दीपक बैज



**रायपुर,22 नवम्बर 2023 (ए)।** 3 दिसंबर को फिर से कांग्रेस को जीत मिलेगी और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनेगी। प्रदेश के सभी वर्ग ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर अपना भरोसा जताया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 3 दिसंबर को फिर कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है और 2018 में भाजपा सरकार की बिदाई के साथ शुरू हुई नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने की कांग्रेस की विकास यात्रा निर्बाध गति से आगे बढ़ेगी। प्रदेश की जनता ने मोदी की गारंटी और भाजपा के घोषणा पत्र से किनारा कर लिया, भरोसा नही किया। भाजपा नेताओं को दिन में सपना देखने की आदत पड़ गई है। भाजपा के अधिकांश बड़े नेता चुनाव हार रहे हैं। भाजपा के प्रत्याशियों को भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं का ही समर्थन नहीं मिला।

### झीरम कांड को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का कर्मा परिवार ने किया स्वागत

# अब सच आएगा सामने

**दंतेवाड़ा,22 नवम्बर 2023 (ए)।** झीरम कांड को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एनआईए की अपील को खारिज कर दिया है. जिसे लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों के वरिष्ठ नेताओं में आरोप-प्रत्यारोप का दौरा शुरु हो गया है. झीरम कांड को दस साल पूरे हो चुके हैं. पीडृति परिवार आज भी इस आस में बैठे हैं कि झीरम का सच जब भी सामने आए पूरा और न्याय संगत आए. झीरम कांड में दक्षिण बस्तर की राजनीति की रीढ़ की हड्डी रहे बस्तर टाइगर स्वर्गीय महेंद्र कर्मा का परिवार इस विभत्स कांड को सोचकर सिहर उठते हैं. परिजनों का कहना है कि नक्सलियों ने हमारे परिवार के मुखिया को नहीं बल्कि बस्तर के मुखिया को मार दिया.
झीरम कांड में कांग्रेस के छत्तीसगढ़ राज्य की टॉप के लीडरशिप की शहादत हुई थी. भाजपा के शासन काल में झीरम कांड का सच सामने आने नहीं दिया गया. एनआईए ने भी अच्छी तरह जांच नहीं की ना ही मजबूती से साक्ष्य और सबूत जुटा पाए. यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को खारिज कर दिया. इस बार कांग्रेस की सरकार



आएगी और झीरम कांड का पूरा सच सामने आएगा. इस मामले में जो भी दोषी होंगे वो सलाखों के पीछे नजर आएंगे.
मामले को लेकर महेंद्र कर्मा के पुत्र छविंद्र कर्मा ने कहा कि हमने पहले भी मांग की थी कि राज्य शासन को जांच करने का आदेश दिया जाए. एनआईए केंद्र सरकार के दबाव में हेर फेर करती रही. अब राज्य पुलिस जांच करेगी. इसके लिए मैं सर्वोच्च न्यायलय का धन्यवाद करता हूं. उन्होंने एनआईए की रिपोर्ट को खारिज किया. अब स्वतंत्र रूप से हमारी जो सरकार है, वो जांच करेगी. हमारी सरकार ने एसआईटी (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम) का गठन किया. लेकिन एनआईए ने सहयोग नहीं किया.इधर दंतेवाड़ा विधायक और स्व. महेंद्र कर्मा की पत्नी देवती कर्मा ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करते हैं. अब सच सामने आएगा. वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा ने कहा कि नक्सली हमला तो है, लेकिन इसमें और भी कुछ मिस्ट्री है. इसका सच तो सामने आना ही चाहिए. राज्य सरकार अब जांच करेगी पूरा भरोसा है. जो भी दोषी है वे बख्शे नहीं जाएंगे.



## होटल बेबीलान इन में लगी आग,मचा हड़कंप

**रायपुर,22 नवम्बर 2023 (ए)।** शहर के बीचों-बीच स्थित होटल बेबीलान इन में देर शाम अचानक आग लग गई। आनन फानन में होटल को खाली कराया गया। वहीं आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई है।इस आगजनी में अबतक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद अफरातफरी का माहौल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की 2 गाड़ियां आग बुझाने की कोशिश में लगे हुए हैं। हालंकि होटल में आग लगने से नुकसान की कोई खबर सामने नहीं आई है। घटना गंज थाना क्षेत्र का है।
फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू करने का प्रयास कर रही है। दूर तक लपटें दिखाई दे रही हैं। अब तक आग पर काबू नहीं पाया गया है।

# खेतों में पराली जलाने पर लगेगा जुर्माना

**धमतरी,22 नवम्बर 2023 (ए)।** खरीफ धान फसल की कटाई पूरी होने को है। धान फसल कटाई के बाद खेत में बचे अवशेषों को जलाने की घटनाएं घटित होती रहती है, जिससे वातावरण में जहरीली गैस जैसे-गीथेन, कार्बनमोनोऑक्साईड, नाइट्रॉक्साईड के फैलने से प्रदूषण होता है, जो मानव जीवन के साथ-साथ पशु पक्षियों के लिए हानिकारक है। साथ ही फसल अवशेष जलाने से मृदा में उपलब्ध सूक्ष्म जीव के नष्ट हो



जाने से मृदा की उर्वरता क्षमता कम हो जाती है और मित्र जीव जैसे-केंचुए, मकड़ी इत्यादि भी नष्ट हो जाते है। उप संचालक कृषि ने बताया कि फसल अवशेष जलाने संबंधी प्रकरण शासन के संज्ञान में आता है, तो अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है। इसके तहत 2 एकड़ कृषि भूमि धारक किसानों पर 2 हजार 500 रुपए, 2 से 5 एकड़ तक भूमिधारक किसानों पर 5 हजार रुपए जुर्माना तथा 5 एकड़ से अधिक भूमिधारक किसानों पर 15 हजार रुपए जुर्माना एवं सजा का प्रावधान है।उप संचालक ने किसानों से कहा है कि वे फसल अवशेष को नहीं जलायें, बल्कि उचित प्रबंधन करें। इसके लिए उन्होंने सुझाव भी दिया है। जारी सुझाव अनुसार फसल कटाई के बाद खेत में पड़े हुए फसल अवशेष के साथ ही जुताई कर हल्की सिचाई पानी का छिडकाव करने के बाद ट्राइकोडर्मा का छिडकाव करने से फसल कटाई के उपरांत खेत में पड़े हुए अवशेष के साथ ही गहरी जुताई कर पानी भरने से फसल अवशेष खाद में परिवर्तित हो जाते है, जिससे अगली फसल के लिए मुख्य एवं सूक्ष्म पोषक तत्व प्राप्त होंगे। भूमि को फसल अवशेष से प्राप्त होने वाले कार्बनिक तत्व जो कि मृदा में मिलकर खाद के रूप में परिवर्तित होकर फसलों को मिलती है, जिससे मृदा संगठन व संरचना में सुधार के साथ ही भूमि की जलधारण क्षमता में वृद्धि होती है। धान के पैरे को यूरिया से उपचार कर पशुओं के सुपाच्य एवं पौष्टिक चारे के रूप में उपयोग किया जा सकता है। उप संचालक ने किसान भाईयों से अपील की है कि पराली न जलायें एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदान करें।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)